नई दिल्ली
गुरुवार, 5 जून 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 51
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 36.9
न्यून. 20.1

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
विश्व पर्यावरण दिवस
haribhoomi.com

## लोग 'मरते' रहे 'जश्न' चलता रहा

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत की खुशी मनाने आए समर्थक ही भगदड़ में मारे गए, अब तक 15 की मौत

# जीत के जश्न में 'चीख-पुकार'

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

पहली बार आईपीएल चैंपियन बनी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की बुधवार को विक्ट्री परेड से पहले जश्न का माहौल गम में तब्दील हो गया, क्योंकि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। इस हादसे में अब तक 11 लोगों के मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा करीब 33 लोग घायल हो गए। अभी मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस ने सही और अंतिम आंकड़ा जारी नहीं किया है। घायलों में 3 लोगों की हालत गंभीर बताई जा ▶▶ शेष पेज 5 पर





**लाखों की संख्या में जमा थे फैंस**

आरसीबी को विधान सौधा में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मिलने के बाद विक्ट्री परेड आयोजित करनी थी। आरसीबी के खिलाड़ियों को एक खुली छत वाली बस में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम तक जाना था। यही वजह थी कि जश्न मनाने के लिए आरसीबी के हजारों फैंस 4 जून को स्टेडियम के बाहर इकट्ठा हुए। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इस घटना पर अफसोस जाहिर की है। उन्होंने कहा कि ये आहत करने वाली घटना है। हमें इस बात की अंदाजा नहीं था कि कुछ इस तरह की घटना घट सकती है।

### शिवकुमार ने मांगी माफी, बोले-बेकाबू थी भीड़



कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने इस घटना पर कहा कि बेकाबू भीड़ थी, इस कारण ऐसा हुआ। उन्होंने कहा कि मैं बेंगलुरु और कर्नाटक के सभी लोगों से माफी मांगता हूं। हम एक परेड निकालना चाहते थे, लेकिन भीड़ बेकाबू थी।

**आयोजन और भीड़ नियंत्रण पर सवाल**

कर्नाटका स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आरसीबी खिलाड़ियों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी को लेकर भारी संख्या में लोग स्टेडियम पहुंचे थे। कार्यक्रम से पहले सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के आरोप लगे हैं। हादसे के पीछे आयोजकों की लापरवाही और भीड़ कंट्रोल करने में हुई चूक की आशंका जताई जा रही है।

'एक पेड़ मां के नाम' पहल

## प्रधानमंत्री मोदी आज लगाएंगे बरगद का पौधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत बरगद का पौधा लगाएंगे। इसके अलावा, दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत 200 इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। यह न केवल स्वच्छ शहरी गतिशीलता को बढ़ावा देगा बल्कि पारिस्थितिक संतुलन के प्रति राष्ट्र के सामूहिक दायित व का भी प्रतीक होगा। मोदी गुरुवार को विशेष वृक्षारोपण पहल का नेतृत्व करते हुए पर्यावरण संरक्षण और हरित गतिशीलता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे। यह 'अरावली ग्रीन वॉल परियोजना' का हिस्सा होगा। जिसका उद्देश्य 700 किलोमीटर लंबी अरावली श्रृंखला को फिर से वनों से परिपूर्ण करना है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि यह परियोजना दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात सहित चार राज्यों के 29 जिलों में अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास 5 किलोमीटर के बफर क्षेत्र में हरियाली का विस्  तार करने की एक प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य वनीकरण, पुनर्वनीकरण* ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ 200 इलेक्ट्रिक बसों को भी दिखाएंगे हरी झंडी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

**सौरभ कुमार केंद्र में राजस्व निदेशक बने**



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ कैडर के 2009 बैच के आईएएस अधिकारी सौरभ कुमार को केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली स्थित वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग में निदेशक पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भारत सरकार की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति योजना के तहत की गई है। उन्हें इस पद पर पांच वर्षों की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है या जब तक कोई अन्य आदेश न आ जाए, जो भी पहले हो। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उन्हें तत्काल प्रभाव से वर्तमान दायित्वों से मुक्त कर दिल्ली में अपने नए पद का कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

बुधवार को दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल रहा आतंकवाद का मुद्दा

# आतंकवाद के खिलाफ जंग में भारत को मिला ऑस्ट्रेलिया का भरपूर साथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से लगी हुई पश्चिमी सीमाओं पर जारी तनाव के बीच बुधवार को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई में एक साथ कार्य करने को लेकर सहमति जताई। ऑस्ट्रेलिया ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की, मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं जताई और हमले के जवाब में की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर की रक्षात्मक कार्रवाई को स्पष्ट रूप से अपना समर्थन प्रदान किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस को आतंकी हमले के बाद प्रतिक्रिया में की गई भारत की सैन्य कार्रवाई के बारे में अवगत कराया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। यहां बता दें कि ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस के नेतृत्व में ▶▶ शेष पेज 5 पर



पीएम मोदी ने मार्लेस से मुलाकात में पीएम अल्बानीस को क्वाड सम्मेलन के लिए किया आमंत्रित



**बातचीत में शामिल हुए यह मुद्दे**

*राजनाथ सिंह और रिचर्ड मार्लेस (जो ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री भी हैं) की बातचीत में द्विपक्षीय रक्षा सामरिक सहयोग, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। आतंकवाद से मुकाबला, पाकिस्तान सीमा पर बने हुए चुनौतीपूर्ण हालात, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाने, समुद्री सुरक्षा, साइबर, उभरती हुई प्रौद्योगिकी और साझा हितों से जुड़े हुए विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के पूर्व में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी, फिर त्रि-सैन्य स्तरीय गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।*

**मार्लेस ने किया संघर्षविराम का स्वागत**

ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री ने कहा, हम भारत के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस के पहलगाम हमले को लेकर दिए गए सद्भावना संदेश को रक्षा मंत्री के साथ साझा किया व कहा, हम आतंकवाद के सभी प्रकारों के खिलाफ लड़ाई में भारत और अन्य देशों के साथ खड़े हैं। मार्लेस ने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम और उससे जुड़ी हुई सैन्य गतिविधियों को रोकने का स्वागत किया। ऑस्ट्रेलिया भारत के साथ रक्षा, समुद्री सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणापत्र को लेकर बेहद महत्वकांक्षी रुख रखता है। आपके साथ हमारे द्विपक्षीय संबंध बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय हित में हैं।

**पीएम मोदी का अल्बानीस को न्योता**

ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिष्टाचार भेंट की। पीएम ने एक्स पोस्ट में इसका उल्लेख करते हुए मार्लेस से हुई मुलाकात पर प्रसन्नता जताई और कहा, हमारी बातचीत में दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हुई। जिसकी 4 जून को पांचवीं वर्षगांठ थी। एक स्थिर, सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए हमारा सहयोग, साझा दृष्टिकोण दोनों ▶▶ शेष पेज 5 पर


केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने दी जानकारी

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विपक्ष की ओर से लगातार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की जा रही है। इस बीच केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र की तारीखों का ऐलान किया। इस सत्र में कई अहम विधेयक पेश किए जाएंगे। संसद के मानसून सत्र की तारीखें घोषित हो गईं हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि 21 जुलाई से 12 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र आयोजित किया जाएगा। विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर लगातार की जा रही संसद के विशेष सत्र की मांग के ▶▶ शेष पेज 5 पर



**पेश किया जा सकता है बीमा संशोधन विधेयक**

*संसद के मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है। विधेयक में बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।*




मोदी सरकार ने पिछले दिनों ये फैसला लिया था कि वह जाति जनगणना करवाएगी

## पहाड़ी राज्यों में 1 अक्टूबर 26 तो मैदानी इलाकों में मार्च 27 से शुरु होगी 'जाति जनगणना'





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

1 मार्च 2027 से जाति जनगणना शुरू हो सकती है। जाति जनगणना 2 चरणों में कराई जाएगी। पहले 4 राज्यों में जाति जनगणना शुरू होगी। पहले चरण में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में जाति जनगणना होगी। इसकी शुरुआत 1 अक्टूबर, 2026 से होगी। वहीं, दूसरे चरण में अन्य सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में जाति जनगणना शुरू होगी।

इसकी शुरुआत 1 मार्च, 2027 से होगी। यानी मैदानी राज्यों में मार्च 2027 से जाति जनगणना शुरू होगी और पहाड़ी राज्यों में 1 अक्टूबर 2026 से जाति जनगणना शुरू होगी। जनगणना 2021 को भी इसी तरह दो चरणों में आयोजित करने का प्रस्ताव था, पहला चरण अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान और दूसरा चरण फरवरी 2021 में आयोजित किया जाना था। 2021 में आयोजित की जाने वाली जनगणना के पहले चरण की सभी तैयारियां पूरी हो गई थीं और 1 अप्रैल, 2020 ▶▶ शेष पेज 5 पर

**क्या होती है जाति जनगणना?**

*जाति जनगणना एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी देश या क्षेत्र की जनसंख्या का सर्वे करके विभिन्न जातियों और सामाजिक समूहों की संख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, और अन्य जनसांख्यिकीय जानकारी इकट्ठा की जाती है। इसका इस्तेमाल तमाम नीतियों और योजनाओं में होता है, जिसका लाभ जनता को भी मिलता है और सरकार को भी सही आंकड़े पता लगते हैं।*

**विपक्ष की थी लंबे समय से मांग**

*इससे पहले केंद्र सरकार जातिगत जनगणना को मंजूरी दे चुकी है। विपक्ष इसकी मांग लंबे समय से कर रहा था। जातीय जनगणना की मांग करने वालों में पक्ष-विपक्ष दोनों के नेता शामिल थे। माना जा रहा है कि जातीय जनगणना के आंकड़े आने के भारत में बहुत कुछ बदल जाएगा। इससे सबसे बड़ा जो बदलाव हो सकता है, वह है आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा को बढ़ाया जाना।*



## डीटीसी बस के आगे लापरवाही से बाइक चलाने वाला धरा

**नई दिल्ली।** ट्रैफिक पुलिस ने डीटीसी बस के सामने लापरवाह तरीके से जिग जैग बाइक चलाने वाले वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुये चालक का पता लगा लिया है। बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी बाइक स्क्रैप करवाई गई है। उक्त बाइक 15 साल से पुरानी थी। पुलसि के अनुसार एक चलती हुई डीटीसी बस के सामने खतरनाक स्टंट करने का वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हुआ था। लापरवाह बाइक सवार का पता लगाने के लिये सबसे पहले मामला दर्ज किया गया। इसके बाद डीटीसी नियंत्रण कक्ष से पूछताछ करने पर बस की पहचान की गई। विभिन्न स्रोतों से मिले सुरागों के आधार पर, मोटरसाइकिल का पंजीकरण नंबर पहचाना गया। हालांकि कथित तौर पर वाहन को पंजीकृत मालिक ने 13 साल पहले बेच दिया था। लेकिन चूंकि मालिक ने नाम हस्तांतरण नहीं किया था, इसलिए पुलिस ने उससे संपर्क किया। उसे पूरी प्रक्रिया में सहयोग करना पड़ा। मोटरसाइकिल का पता लगाने और सवार की पहचान करने के लिए तीन टीमें बनाई गई थी। टीम ने बाइक और सवार का पता लगाया। सवार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बाइक 15 साल से अधिक पुरानी पाई गई और इसलिए कानून के अनुसार उसे स्क्रैपर को सौंप दिया गया।

### दाहिने पैर में गोली लगने से हुआ घायल

# मुठभेड़ के बाद हिमांशु भाऊ गैंग का बदमाश दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने हरियाणा के रोहतक में हाल में हुई एक हत्या के सिलसिले में वांछित हिमांशु भाऊ गिरोह से जुड़े एक शार्पशूटर को हल्की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। रोहतक के मदीना गांव का रहने वाले दीपक धनखड़ (23) के दाहिने पैर में गोली लगी है। उसे रोहिणी स्थित डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश के पास से एक देसी तमंचा, तीन कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार रोहतक के रिटोली गांव का अनिल कुमार (47) हाल में 2022 के एक दोहरे हत्याकांड केस में जमानत पर रिहा हुआ था। 1 जून को कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात को हिमांशु गैंग ने अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार सन्नी उर्फ बाबा गैंग की भाऊ गैंग से दुश्मनी चल रही है। अनिल सन्नी उर्फ बाबा का चाचा था। अनिल पर 2022 में हिमांशु के चचेरे भाई रोहित उर्फ बजरंग और चाचा राजेंद्र की हत्या का आरोप था। गुप्त सूचना के आधार पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तीन जून को शाम रोहिणी सेक्टर-35 में दादा लेखराम चौक के पास धनखड़ के लिए जाल बिछाया। पुलिस ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे आरोपी जब मोटरसाइकिल पर आ रहा था तो पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। तभी वह अपना संतुलन खो बैठा और गिर गया। इसके बाद उसने पुलिस टीम पर तीन राउंड गोली चलाई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। इस मुठभेड़ में कोई भी पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ। हालांकि दो पुलिसकर्मी गोली लगने से बाल-बाल बच गए।

# चांदनी चौक में 35 लाख लूटने वाले चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- बागपत, बड़ौत और रोहतक से पकड़े गए लुटेरे
- 100 से ज्यादा कैमरे खंगालने के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंची

दिल्ली के सबसे व्यस्त बाजारों में से एक चांदनी चौक के कटरा नील इलाके में सोमवार को दिन दहाड़े हुई लगभग 35 लाख की सनसनीखेज लूट का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने बागपत, बड़ौत और रोहतक से चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम शेखर, साहिल, निखिल और तुषार है। इनके कब्जे से लूटी गई रकम 33 लाख 90 हजार बरामद कर ली गई है। इसके साथ ही दो तमंचे भी जब्त किये गये हैं।

उत्तरी जिले के डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि सोमवार को गली घंटेश्वर स्थित तीसरी मंजिल पर विक्की जैन के यश टैक्सटाइल्स के ऑफिस में दोपहर करीब 2:30 बजे लूट की वारदात हुई थी। इस दौरान बदमाशों ने गोली भी चलाई थी। केस को सुलझाने के लिए पुलिस को सीसीटीवी फुटेज की काफी मदद मिली। लाहौरी गेट थाने की लोकल पुलिस और ऑपरेशन सेल के स्पेशल स्टाफ की टीम जांच करती हुई 100 से ज्यादा फुटेज खंगालकर चांदनी चौक से रातों रात यमुनापार पहुंच गई। फिर वहां से बागपत, बड़ौत और रोहतक पहुंचकर आरोपियों को दबोचने में कामयाब हुई। समय से गिरफ्तारी होने के कारण ये लोग लूटी गई रकम का बंटवारा भी अभी नहीं कर पाये थे। इसलिए पूरी रकम पुलिस ने बरामद कर ली। शुरू में इस मामले में ऐसा अंदेशा था कि कोई मिली भगत हो सकती है, लेकिन अभी तक की पूछताछ में ऐसा कुछ पता नहीं चल पाया है। बदमाशों ने रेकी करके वारदात को अंजाम दिया था। उन्हें पता लगा था कि यहां से मोटी रकम हाथ लग सकती है। दिन का समय इसलिए चुना जिससे भागने में आसानी हो सके। शाम को भागने में दिक्कत हो सकती थी। इस वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी। चांदनी चौक के व्यापारियों में भी इस वारदात के बाद से भारी आक्रोश और दहशत थी।

# मॉल में पिज्जा की दुकान में लगी आग, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर स्थित वी3एस मॉल में पिज्जा की एक दुकान की रसोई में बुधवार को आग लग गई। अग्निशमन विभाग के दस्ते ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि मॉल की तीसरी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिलने के बाद सुबह करीब 11 बजकर 35 मिनट पर दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। आग टोनिक पिज्जा शॉप की रसोई क्षेत्र से शुरू हुई थी। अधिकारी ने बताया कि धुंए के मॉल की ऊपरी मंजिलों तक पहुंचते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि अग्निशमन कर्मियों की पहली टीम के मौके पर पहुंचने के तुरंत बाद 11 बजकर 40 मिनट तक आग पर काबू पा लिया गया था। आग लगने के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### ऑनलाइन कंपनी के स्टोरेज में लगी आग

पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन थाना इलाके में भी बुधवार सुबह एक बिल्डिंग के अपर ग्राउंड फ्लोर पर आग लग गई। इसमें एक ऑनलाइन कंपनी का स्टोरेज और ऑफिस मौजूद था। फायर कंट्रोल रूम को मामले की सूचना सुबह 8:05 पर मिली। अलग-अलग फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली चार गाड़ियां मौके पर भेजी गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्टोरेज के अंदर ज्वलनशील पदार्थ, कागज इत्यादि काफी संख्या में भरे हुए थे। इस हादसे में भी कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्थानीय पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

## पुलिस को चकमा देने के लिए यमुना में कूदा आरोपी पकड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में बिजली का काम करने वाले एक व्यक्ति को लूटने के एक आरोपी को यमुना नदी में दो घंटे के तलाश अभियान के बाद पकड़ लिया गया जबकि एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दो आरोपियों में से एक गोताखोर है, जिसने पुलिस को चकमा देने के लिए अपने कौशल का फायदा उठाया। पुलिस ने बताया कि 24 मई की सुबह इलैक्ट्रिशियन प्रिंस (30) घर लौट रहा था। कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर उतरने के बाद जब वह खैबर पास की ओर जाने लगा तो अलीपुर रोड पर अंबेडकर भवन के पास दो लोगों ने उस पर हमला कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनमें से एक ने प्रिंस का गला दबा दिया, जिससे वह गिर गया और घायल हो गया। हमलावरों ने उसका मोबाइल फोन तथा बैग छीन लिया और पास में ही इंतजार कर रहे एक ऑटो रिक्शा में बैठकर भाग गए।

# भारत नगर इलाके से 18 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिमी जिले के भारत नगर इलाके में 18 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। इनके पास से प्रतिबंधित आईएमओ ऐप के साथ एक स्मार्ट फोन और चार बांग्लादेशी पहचान पत्र जब्त बरामद हुये हैं। पुलिस के अनुसार उत्तर पश्चिमी जिले में विदेशी प्रकोष्ठ अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में तीन जून को भारत नगर क्षेत्र में छापेमारी की गई। सूचना मिली थी कि तीन परिवार हरियाणा से आए हैं और अब वजीरपुर जे.जे. कॉलोनी में छिपे हुए हैं। वह अपना ठिकाना बदल रहे हैं। एसआई सपन, एसआई श्याम बीर, एएसआई राजेंद्र, एएसआई राजेंद्र, एचसी विक्रम, एचसी प्रवीण की एक समर्पित टीम ने छापेमारी की और क्षेत्र की घेराबंदी कर गहन सत्यापन अभियान चलाया। लगभग 36 फुटपाथ और 45 गलियों की जांच की गई। अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया और उससे लंबी पूछताछ की गई। शुरुआत में उसने गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन लगातार पूछताछ के बाद उसने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेशी है। पूछताछ के दौरान पता चला कि ये परिवार हरियाणा में रेड क्ले ब्रिक्स कंपनी (भट्टा कंपनियों) में मजदूर के रूप में काम कर रहे थे और हरियाणा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के कारण दिल्ली चले आये। उसकी निशानदेही पर परिवार के अन्य सदस्यों को भी पकड़ा गया। 6 वयस्कों और 12 बच्चों सहित कुल 18 व्यक्ति बांग्लादेशी नागरिक पाए गए जो वैध यात्रा दस्तावेजों, वीजा या परमिट के बिना क्षेत्र में रह रहे थे। सभी व्यक्तियों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया और विस्तृत पूछताछ और दस्तावेजीकरण के लिए एफआरआरओ के हवाले कर दिये गये।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **श्री राहुल झा पता:** 137–138 अपर गाउंड फ्लोर पॉकेट–12 सेक्टर–24 रोहिणी दिल्ली, ने **Ct Case No. 18536/2019 U/s 143 NI Act थाना: उत्तर रोहिणी दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री राहुल झा,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री राहुल झा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct Case No. 18536/2019 U/s 143 NI Act थाना: उत्तर रोहिणी दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **श्री राहुल झा,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री एब्बानी अग्रवाल
जेएमएफसी–03 कमरा नंबर 107
पहली मंजिल रोहिणी कोर्ट दिल्ली

**DP/6919/RD/2025**
**(Court Matter)**


# रोहिणी में इमारत ढही, महिला घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी इलाके में बुधवार शाम को एक इमारत ढह गई। मलबे से एक महिला को निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। खबर लिखे जाने तक मलबा हटाने का कार्य जारी था। मलबे में दो अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही थी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि रोहणी सेक्टर-7 में इमारत ढहने की सूचना मिलने के बाद पांच टीमों को मौके पर रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि शाम चार बजकर चार मिनट पर दमकल को घटना की जानकारी मिली। टीम मौके पर कार्य कर रही है। अधिकारी ने बताया कि विस्तृत जानकारी का अभी इंतजार है। वहीं उत्तरी रोहिणी थाने में इमारत ढहने के बारे में पीसीआर कॉल शाम 4 बजे प्राप्त हुई थी। स्थानीय पुलिस अफसर अपने कर्मचारियों के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। डी 12, सेक्टर 7, रोहिणी पहुंचकर पुलिस, दमकल विभाग, एनडीआरएफ और एमसीडी के कर्मचारी राहत एवं बचाव कार्य में जुट गये।

पुलिस का कहना है कि हमारे पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने मामूली चोटों वाले एक घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा दिया था। एमसीडी, बीएसईएस, अग्निशमन सेवा द्वारा मलबा हटाया जा रहा है। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद रहीश पुत्र** मकबूल, **निवासी:** मकान नं. 2267, ई–ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली, ने **FIR No. 379/2020, U/S 25/54/59 A. Act & 103 DP Act, पुलिस स्टेशन उत्तरी रोहिणी, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद रहीश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद रहीश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 379/2020, U/S 25/54/59 A. Act & 103 DP Act, पुलिस स्टेशन उत्तरी रोहिणी, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद रहीश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.08.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
उत्तर–पश्चिम जिला, कोर्ट नं0–107, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6925/RD/2025**
**(Court Matter)**


## शादी पर आपत्ति जताने को लेकर महिला के चचेरे भाई की हत्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका में चचेरी बहन से शादी का विरोध करने वाले एक व्यक्ति की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में आरोपी नीतीश दास (24) को हत्या के कुछ दिनों बाद बिहार के नवादा स्थित उसके पैतृक गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक अखिलेश उस महिला का चचेरा भाई था जिससे नीतीश शादी करना चाहता था। यद्यपि दोनों परिवार उनके रिश्ते को लेकर सहमत थे, लेकिन अखिलेश ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और कथित तौर पर कई बार नीतीश को धमकी भी दी थी। पुलिस के अनुसार यह घटना आठ मई को उस समय हुई जब अखिलेश द्वारका के जेजे कॉलोनी के फेज-2 स्थित नीतीश के घर गया था।


# एयर टिकट का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हवाई टिकट बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन फ्रॉड में शामिल शख्स को दक्षिण जिले की साइबर टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम तरुण रस्तोगी बताया गया है। इसके पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन, लैपटॉप, चेक बुक और डेबिट कार्ड बरामद हुआ है। इसके खिलाफ छह केस दर्ज पाये गये हैं। साइबर पुलिस को 26 अप्रैल को एक शिकायतकर्ता ने बताया कि जेटवेज ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड का प्रतिनिधित्व करने वाले तरुण रस्तोगी नामक एक व्यक्ति ने उनसे फ्लाइट टिकटिंग के लिए व्यावसायिक संबंध स्थापित करने के लिए संपर्क किया था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने उक्त एजेंसी के साथ व्यवसाय करना शुरू कर दिया। शुरुआत में पहले चार टिकट बुकिंग सुचारू रूप से पूरी हो गई और कंपनी के आधिकारिक डोमेन (जेटवेज ट्रैवल्स) से भुगतान रसीदों के साथ उन्हें टिकट जारी कर दिए गए। हालांकि 29 अप्रैल और 7 मई के बीच शिकायतकर्ता ने सात क्लाइंट टिकटों के लिए 8,82,158 का भुगतान किया। लेकिन बाद में उनके टिकट बुक नहीं हुये। जब शिकायतकर्ता ने रिफंड के लिए कथित व्यक्ति से संपर्क किया, तो उसे केवल आश्वासन दिया गया पैसा वापस नहीं मिला। आखिर में पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद तरुण रस्तोगी को पकड़ लिया। उसने उपरोक्त अपराध कबूल कर लिया।

# आईआईटी छात्र हॉस्टल के कमरे में मिला मृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आईआईटी हॉस्टल में बुधवार को एक छात्र अपने कमरे में मृत पाया गया। कोई सुसाइड नोट आदि मौके से बरामद नहीं हुआ है। जहर खाकर सुसाइड की आशंका जताई जा रही है। बहरहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारण का पता चल पाएगा। शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। मृतक सेकेंड ईयर का छात्र था। किशनगढ़ थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार बुधवार को आईआईटी दिल्ली में हॉस्टल के कमरे का दरवाजा न खोलने वाले एक छात्र के बारे में किशनगढ़ थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसएचओ किशनगढ़ पुलिस कर्मचारियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। कमरे पर पहुंचने पर पाया गया कि दरवाजा अंदर से बंद था। अग्निशमन सेवा के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और उनकी सहायता से जबरन दरवाजा खोला गया। कमरे में प्रवेश करने पर एक पुरुष बेहोशी की हालत में बिस्तर पर पड़ा मिला। आईआईटी के डॉक्टरों ने उसे मौके पर ही मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच के दौरान यह पता चला कि मृतक आईआईटी दिल्ली में बायोमैकेनिकल इंजीनियरिंग का द्वितीय वर्ष का छात्र था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक ने परसों रात खाना खाया और अपने कमरे में वापस चला गया। मंगलवार को उसे उसके किसी भी साथी छात्र ने नहीं देखा। इसके बाद उससे संपर्क किया गया तो संपर्क नहीं हुआ। संदेह पैदा होने पर मामले की सूचना सुरक्षा कर्मचारियों को दी गई, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। मृतक के शरीर पर कोई बाहरी चोट नहीं पाई गई। हालांकि, फर्श पर कुछ उल्टी देखी गई, जो संभावित स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं का संकेत देती है। आगे की जांच और परीक्षण के लिए क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिये सफदरजंग अस्पताल भिजवाया है। मौत के सही कारण का पता पीएम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में भोंडसी से घामरोज कि.मी. 0.70 से 1.90 तक नये रोड का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड सं. 26790)। | बंद होने की तिथि 12.06.2025 | 86.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडिशियल कॉम्पलैक्स (टावर ऑफ जस्टिस) के मुख्य भवन के साथ स्थित साथ लगते ब्लॉक का फिनिशिंग कार्य। | बंद होने की तिथि 12.06.2025 | 191.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में लघु सचिवालय, फेज-III, रोहतक में सोलर पावर प्लांट का प्रावधान + 1 कार्य। | 03.06.2025 13.06.2025 | 310.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प रोहतक | पीजीआईएमएस, रोहतक में नये ओटी में सेंट्रल एयर कंडीशनिंग प्लांट के लिए एएमसी (एयर करटेंस का प्रावधान)। | 03.06.2025 10.06.2025 | 2.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | नारनौल डिवीजन के लिए एसकेएफ/एफएजी/एआरबी/एनबीसी मेक बियरिंग्स की आपूर्ति। | 04.06.2025 16.06.2025 | 5.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसनखान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स समेत विद्युत सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान हेतु निविदा। | 06.06.2025 29.06.2025 | 160 लाख | https://etenders.hry.nic.in/ nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नूह में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान हेतु निविदा। | 06.06.2025 30.06.2025 | 50 लाख | https://etenders.hry.nic.in/ nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में एसएमवीए ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत और सर्विसिंग की ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 09.06.2025 23.06.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 9 | पंचायती राज भिवानी | सामुदायिक केन्द्र का निर्माण गांव : साई। | 03.06.2025 09.06.2025 | 61.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज पंचकूला | धनदारडु – ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में धर्मशाला का निर्माण (पुनर्निविदा)। | 03.06.2025 09.06.2025 | 20.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 11 | हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला | एचएसएससी में विभिन्न परीक्षा सम्बन्धित गतिविधियों के लिए लाइव स्ट्रीमिंग सहित सीसीटीवी, बायोमैट्रिक अंगूठा/आईरिश/क्यूआर/एफआर और तलाशी लेने की सेवाओं के प्रावधान हेतु ई-निविदा सूचना के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 03.06.2025 22.06.2025 | ईएमडी 6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9988118284 estt.hssc2020@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/220/35376/I/88/7 दि. 04.06.25

## खबर संक्षेप

### डीडीए की जनसुनवाई फिर से हुई शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने तत्काल प्रभाव से वॉक-इन पब्लिक हियरिंग (जनसुनवाई) को फिर से शुरू कर दिया है जिससे लोग अब बिना किसी पूर्व ऑनलाइन अपॉइंटमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों से मिल सकेंगे। डीडीए ने बताया कि यह कदम जनता की सुविधा, व्यापक हितों व सिटीजन-फ्रेंडली सेवाएँ सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इस बारे में डीडीए ने बताया कि यह खासकर उन लोगों के लिए जिन्हे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नेविगेट करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इसका उद्देश्य और अधिक सुलभ एवं सुविधाजनक तरीके से जन शिकायत निवारण की सुविधा प्रदान करना है।

### कृषि भूमि का सर्किल रेट किया जाए 10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि कृषि भूमि के सर्किल रेट तत्काल बढ़ाएं जाए। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि पार्टी मांग करती है कि कृषि भूमि का सर्किल रेट कम से कम 10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ किया जाए। इसको लेकर हमने भाजपा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को ज्ञापन भेजा है, जिसमें कृषि भूमि के सर्किल रेट तत्काल बढ़ाने की मांग के साथ ही पार्टी ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है। उन्होंने बताया कि इस ज्ञापन की एक कॉपी दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को भी भेजी है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि दिल्ली में कृषि भूमि का आखिरी सर्किल रेट वर्ष 2008 में निर्धारित किया गया था। जो मात्र 53 लाख रुपये प्रति एकड़ है।

## सराय काले खां से आइजीआइ एयरपोर्ट तक बनाई जाएगी टनल

# केंद्र सरकार ने दिल्ली को दी करोड़ों रुपयों की सड़क परियोजनाओं की सौगात : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में वाहनों की भीड़भाड़ को कम करने और प्रदूषण से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को 1.25 लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं की सौगात दी है। इस बात की जानकारी बैठक के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को प्रैसवार्ता में दी है। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार का सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय अपने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से इन प्रोजेक्ट पर काम करेगा, जिसके अंतर्गत शिवमूर्ति से नेल्सन मंडेला रोड तक अंडरग्राउंड टनल, नई एलिवेटेड रोड और दिल्ली से कटरा और अमृतसर हाइवे जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स बनेंगे, सराय काले खां से आइजीआइ एयरपोर्ट तक टनल का निर्माण, साथ ही प्रमुख सड़कों को सिग्नल-फ्री, ड्रेनेज और साइड लेन का निर्माण और दिल्ली के ठोस कचरे का उपयोग सड़को के निर्माण में किया जाएगा। रेलवे क्रासिंग के जाम से मुक्ति के लिए आरओबी और आरयूबी निर्माण को भी मंजूरी मिल गई है। गौरतलब है कि बुधवार को केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उपराज्यपाल वीके सक्सेना, केंद्रीय राज्य सड़क एवं परिवहन मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री, सांसद एवं सभी सम्बंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद प्रैसवार्ता में सीएम ने बताया कि वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा 35 हजार करोड़ रुपये की लागत से कई परियोजनाएं दिल्ली में कार्यान्वित की जा रही हैं। इससे पहले, 64 हजार करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न प्रोजेक्ट पूरे किए जा चुके हैं। साथ ही, 24 हजार करोड़ रुपये की लागत से शुरू होने वाले आगामी प्रोजेक्ट्स की डीपीआर भी तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में वाहनों की भीड़ को कम करने (डीकंजेस्ट) करने और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, जिनमे शिव मूर्ति से नेल्सन मंडेला रोड तक लगभग 7 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड टनल का निर्माण, आईएनए से एयरपोर्ट तक एलिवेटेड रोड, जो आगे फरीदाबाद और गुरुग्राम को जोड़ेगा, इस पर भी एलिवेटेड रोड बनाने का काम शुरू होगा, दिल्ली से कटरा व अमृतसर को जोड़ने वाला हाइवे, जो अर्बन एक्सटेंश रोड (यूईआर)-दो से कनेक्ट होगा और यूईआर-दो का दूसरा एक्सटेंशन, जो अलीपुर से ट्रोनिका सिटी और दिल्ली–देहरादून मार्ग को जोड़ेगा। इससे हरियाणा से देहरादून और नोएडा तक बिना दिल्ली में प्रवेश किए यातायात सुगम होगा। इसके अलावा, सराय काले खां से आईजीआई एयरपोर्ट तक टनल के निर्माण की भी फिजिबिलिटी स्टडी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि रोहतक रोड, पंजाबी बाग से आगे नांगलोई, आश्रम से बदरपुर, और एमजी रोड जैसे प्रमुख मार्ग अब एनएचएआई को हैंडओवर कर दिए गए हैं। इन सभी सड़कों को सिग्नल फ्री बनाया जाएगा और इसका कार्य जल्द शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब एनएचएआई द्वारा सड़कों का निर्माण के साथ साथ उसके ड्रेनेज सिस्टम, साइड लेन और अन्य आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर भी बनाएगी।

### इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से मुनक नहर के किनारे 20 किमी लंबी सड़क बनेगी

इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से मुनक नहर के किनारे होते हुए सोनीपत तक लगभग 20 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना हरियाणा और दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले बड़ी संख्या में यात्रियों को लाभ पहुंचाएगी, जो फिलहाल केवल आजादपुर से मुकरबा चौक होते हुए हाईवे का ही उपयोग कर पाते हैं। इस नई सड़क के निर्माण से दिल्ली की प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, विशेष रूप से पश्चिमी दिल्ली के निवासियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जल्द तैयार की जाएगी और एनएचएआई इसे प्राथमिकता के आधार पर कार्यान्वित करेगा।

## भाजपा सरकार गरीब कल्याण को मानती है अपना सर्वोच्च कर्तव्य : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ 100 दिनों में गरीब कल्याण, शिक्षा सुधार, ऊर्जा सुलभता और कानून व्यवस्था में विश्वास की रखी नींव

हम खोखले वादों में विश्वास नहीं रखते। इन 100 दिनों में हमने छोटे-छोटे लेकिन ठोस कदम उठाकर गरीब कल्याण, शिक्षा सुधार, ऊर्जा सुलभता और कानून व्यवस्था में विश्वास की नींव रखी है। यह बातें बुधवार को दिल्ली के गृह, विद्युत, शिक्षा एवं शहरी विकास विभाग मंत्री आशीष सूद ने प्रैसवार्ता में कही।'दिल्ली सरकार के 100 दिन विश्वास के, 100 दिन सेवा के' अभियान के तहत 100 दिन की उपलब्धियों को साझा करते हुए गृह, विद्युत, शिक्षा एवं शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीब कल्याण को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानती है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय हमारा संकल्प है और गरीब कल्याण हमारा लक्ष्य है। यह नारा केवल बयान नहीं, बल्कि इस सरकार की कार्यशैली का हिस्सा है। सूद ने बताया कि सरकार ने गरीब और मिडिल क्लास परिवारों के जीवन को सरल बनाने के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं। दिल्ली की झुग्गी-बस्तियों और निम्न आय वर्ग के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जा रही है। खासकर उन वर्गों के लिए योजनाएं बनाई गई हैं जिन्हें वर्षों से उपेक्षित रखा गया था। यह सरकार गरीबों की आकांक्षाओं को केंद्र में रखकर योजनाओं का संचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि इन 100 दिनों में हमने दिखा दिया कि यदि सेवा, संकल्प और समर्पण हो, तो बदलाव मुमकिन है।सूद ने बताया कि बीजेपी सरकार बनते ही सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने 2500 मकानों को रहने लायक बनाने की दिशा में काम किया गया। पूर्ववर्ती सरकार ने इन मकानों पर 'मुख्यमंत्री' नहीं लिखा होने के कारण इन्हें गरीबों को नहीं सौंपा था। इस कारण वर्षों से यह मकान खाली पड़े थे और गरीबों को घर का लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब 43 करोड़ रुपये की लागत से इन मकानों को फिर से तैयार किया जा रहा है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि कोई भी गरीब परिवार बेघर न रहे।

### चिड़ियाघर को अंबानी जैसे निजी हाथों में सौंपना भाजपा की पूंजीपति हितेषी नीति का हिस्सा : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने राष्ट्रीय संपतियों का निजीकरण और बेचने के बाद अब दिल्ली के चिड़ियाघर को अंबानी जैसे निजी हाथों में सौंपना उनकी पूंजीपति हितेषी नीति का हिस्सा है। यादव ने कहा कि रेखा सरकार 100 दिनों में चौतरफा विफल साबित हुई है। जबकि केन्द्र सरकार पूंजीपति संरक्षण और पोषण की नीति पर काम कर रही है। जो दिल्ली के ऐतिहासिक चिड़ियाघर को उद्योगपति अनंत अंबानी की कम्पनी के हाथों में सौंपने के बाद साबित हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब वन्यजीव और जंगलों का भी सौदा कर रही है, जिसकी कांग्रेस निंदा करती है। भाजपा द्वारा निजीकरण करके सरकारी व सार्वजनिक संस्थाओं को पूंजीपति मित्रों को बेचने सहित लाल किला जैसी देश की धरोहर को लीज पर देना साबित करता है कि इनकी नीति देश के विकास के खिलाफ है। यादव ने कहा कि देश नही बिकने नही दूंगा कहने वाले अब पशु पक्षियों तक को बेचने का कारोबार कर रहे हैं।

## 15 दिनों में खत्म करें ओल्ड एज पेंशन की पेंडेंसी : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने सभी जिलों के जिला समाज कल्याण अधिकारियों और संबंधित स्टाफ के साथ बैठक कर ओल्ड एज पेंशन की पेंडेंसी अगले 15 दिनों में खत्म करने के निर्देश दिए। रविंद्र इंद्राज ने अन्य योजनाओं के लाभार्थियों तक भी लाभ पहुंचाने में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में मंत्री इंद्राज ने कहा कि उन्होंने जिला कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर लाभार्थियों से चर्चा की, इस दौरान उन्हें शिकायतें मिली हैं। इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिला कार्यालय में आने वाले आमजन और लाभार्थियों को पूरी सुविधा मिले, उनके आवेदनों का तय समय में निस्तारण हो और लाभार्थियों को समय से पेंशन मिले। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि नवंबर में ओल्ड एज पेंशन की जो वैकेंसी निकली थी, उनके लंबित मामलों का निस्तारण अगले 15 दिनों के अंदर करें। परिवार सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं के लंबित आवेदनों का भी तय समय में निस्तारण हो, यह अधिकारी सुनिश्चित करें। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि विभाग की पेंशन व अन्य योजनाओं के तहत आने वाला वर्ग गरीब और वंचित तबके से हैं, उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



## खबर संक्षेप

### रेफर मुक्त संघर्ष समिति ने मेयर को सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** धरने के 185वें दिन रेफरमुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने फरीदाबाद की मेयर प्रवीन जोशी बत्रा को फरीदाबाद के सिविल अस्पताल व छांयसा मेडिकल कालेज की समस्याओं और फरीदाबाद में ए ग्रेड के ट्रोमा सेंटर की मांग को लेकर मांगपत्र दिया। संयोजक ने सिलसिले वार सभी समस्याओं को उनके समक्ष रखा।



### योग में छिपा है निरोगी काया का राजः परवाल

**फरीदाबाद।** नगर निगम और आयुष विभाग फरीदाबाद द्वारा योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर रोजगार्डन एनआईटी फरीदाबाद में लगाया गया। आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर नागरिकों में जागरूकता को ध्यान में रखते हुए यह योग शिविर लगाया गया है। लोगों को फरीदाबाद में योग के माध्यम से हर रोज योग करने के फायदे के बारे में जानकारी दी।



### नशे में धुत देवर ने भाभी को फरसे से काटा,मौत

**फरीदाबाद।** नरहावली गांव में चार दिन पहले देवर ने शराब के नशे में अपनी भाभी की गर्दन पर पीछे से फरसा मारकर वार दिया था। अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। चाचा दर्शन गांव में शराब पीकर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था।



# चार देशों की विशेष कूटनीतिक यात्रा से लौटे सांसद अतुल गर्ग का किया स्वागत

## 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की आतंकवाद विरोधी भूमिका को अंतरराष्ट्रीय मंच पर किया उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सांसद अतुल गर्ग चार देशों लाइबेरिया, यूएई, कोंगो और सिएरा लियोन की कूटनीतिक विदेश यात्रा पूर्ण कर गाजियाबाद लौटने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतुल गर्ग ने कहा कि यह यात्रा केवल सांस्कृतिक और आर्थिक सहयोग की नहीं थी, बल्कि भारत की सुरक्षा नीति और आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ संकल्प को वैश्विक मंच पर दर्शाने की भी थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत द्वारा उठाए गए कदमों को हमने दुनिया के समक्ष रखा, और पाकिस्तान के नापाक इरादों को तथ्यों के साथ उजागर किया। इस प्रकार की यात्राएं भारत की वैश्विक साख को मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत सरकार द्वारा सांस्कृतिक, रणनीतिक और आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक सहयोग को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। जिसमें गर्ग ने उत्तर प्रदेश के एकमात्र सांसद के रूप में भाग लेकर भारत का गौरव बढ़ाया। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य भारत सरकार और भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के प्रभाव को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करना रहा। इस मिशन के तहत प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित देशों के नीति-निर्माताओं को भारत की भूमिका, सुरक्षा रणनीति और मानवाधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता की जानकारी दी। अतुल गर्ग ने चारों देशों के सांसदों, मंत्रियों एवं राजनयिकों से भेंट कर आर्थिक, रक्षा और सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने पर चर्चा की। उन्होंने अफ्रीका और खाड़ी देशों में भारत की भूमिका को मजबूती से प्रस्तुत किया।

गाजियाबाद लौटने पर उनके आवास पर पूर्व महापौर आशु वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, महामंत्री सुशील गौतम ,रामावतार एवं हिमांशु समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने जलेबी और लड्डू खिलाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



## डीसी सिंह ने आमजन से की अपील नालों में कूड़ा न डालें

# प्रशासन की प्राथमिकता लोगों को स्वच्छ और जलभराव मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला प्रशासन द्वारा आगामी मानसून सीजन को देखते हुए जलभराव की समस्याओं से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को ओल्ड फरीदाबाद अंडरपास, सेक्टर-21ए डिस्पोजल, स्मार्ट रोड बड़खल और एनएचपीसी अंडरपास का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जरूरी कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं ताकि इस वर्ष शहरवासियों को पिछली बार की तरह जलभराव जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### रेलवे अंडरपास में ड्रेनेज लाइन और ट्रांसफॉर्मर को मिली मंज़ूरी



निरीक्षण के दौरान डीसी ने विशेष रूप से ओल्ड फरीदाबाद रेलवे अंडरपास का जायजा लिया, जहां बरसात के मौसम में सबसे अधिक जलभराव की शिकायतें आती रही हैं। उन्होंने कहा कि इस बार शहर में जलभराव की स्थिति स्पष्ट रूप से बेहतर है और सुधार साफ दिखाई दे रहे है। उन्होंने बताया कि ओल्ड अंडरपास की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु नई ड्रेनेज लाइन डालने की अनुमति मिल गई है, जिससे वर्षा जल का तत्काल निपटान सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के लिए भी रेलवे डीआरएम से अनुमति मिल गई है, जो कि जल निकासी व्यवस्था के संचालन में सहायक होगा।

### नालों और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई और निरीक्षण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा शहर के सभी प्रमुख नालों और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई व निरीक्षण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जहां-जहां नालों में अवरोध अथवा जल निकासी में बाधा की शिकायतें प्राप्त हुई थी, वहां त्वरित कार्रवाई करते हुए ब्लॉकेज को हटाया गया है और जल प्रवाह को पूरी तरह से सुचारु बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर जर्जर नालों की मरम्मत का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर तेजी से किया जा रहा है ताकि मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की रुकावट न उत्पन्न हो। डीसी ने यह भी बताया कि जिन क्षेत्रों में जल निकासी प्रणाली की क्षमता अपेक्षाकृत कम पाई गई, वहां तत्काल प्रभाव से उसकी क्षमता को बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। अतिरिक्त पाइपलाइन, पंपिंग सेट्स तथा आवश्यक तकनीकी संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

### अधिकारी नियमित रूप से दौरा करें

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त विक्रम सिंह ने नगर निगम अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन नियमित रूप से दौरा करें तथा नालों, ड्रेनेज सिस्टम और अंडरपास की सफाई व्यवस्था की सघन निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व सभी व्यवस्थाओं की मौके पर समीक्षा अत्यंत आवश्यक है ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही से जनजीवन प्रभावित न हो। डीसी ने स्पष्ट किया कि इस बार जलभराव की समस्या को लेकर किसी भी स्तर पर कोताही को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी सफाई व्यवस्था में ढिलाई या उदासीनता पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों से यह भी अपेक्षा जताई कि वे न केवल निरीक्षण करें, बल्कि आवश्यकतानुसार मौके पर त्वरित समाधान भी सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**प्रशासन की अपील:** अवैध रूप से विकसित कालोनियों में भूखंड क्रय न करें

# 34 बीघा भूमि पर चला जीडीए का चाबुक, अवैध निर्माण ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का बुलडोजर बुधवार को दुहाई रोड पर चला। जिसमें 34बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनियों को ध्वस्त कर दिया गया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में परवेन्द्र सिंह द्वारा गाटा संख्या-921, मधुबन बापूधाम बम्बा रोड़, दुहाई पर लगभग 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में, वरूण त्यागी व योगेश शर्मा आदि द्वारा खसरा संख्या-919, मधुबन बापूधाम बम्बा रोड़, दुहाई पर लगभग 12000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में, वरूण त्यागी व योगेश शर्मा आदि द्वारा खसरा संख्या-919, मधुबन बापूधाम बम्बा रोड़, दुहाई पर लगभग 20000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखंडों की बाउंड्रीवाल, आरसीसी सड़क, विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कराते हुए विद्युत पॉल, पानी की पाईप लाईन, नाली आदि के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परंतु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय, विक्रय न करें। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियंता, अवर अभियन्तागण एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, स्थानीय

# फ्लैट दिलवाने के नाम पर महिला से ठग लिए 10.57 लाख रुपए

## बैंक मैनेजर सहित चार पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




सेक्टर-10 एरिया में प्रॉपर्टी डीलर द्वारा सस्ता फ्लैट दिलवाने के नाम पर महिला से 10.57 रुपए की ठगी कर ली। आरोपी ने बैंक मैनेजर व अन्य लोगों के साथ मिलकर महिला को सस्ते में फ्लैट दिलवाने व लोन पास करवाने का सांझा दिया और नकनी चाबी बनवाकर किसी अन्य का फ्लैट दिखा दिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने बैंक मैनेजर सहित चार पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर 95 की सिग्नेचर ग्लोबल दि रोजेलिया सोसाइटी में रहने वाली पूजा यादव ने बताया कि बताया कि सितंबर 2024 में उसे अपनी दोस्त को फ्लैट दिलवाना था। जिसके लिए उसने ब्रोकर सौरभ से कॉन्टेक्ट किया और किराए पर फ्लैट दिलवा दिया। इसके बाद उसकी सौरभ से फोन पर बात होने लगी। सौरभ उस समय सिग्नेचर ग्लोबल सोसाइटी में रहता था। उसने 3 मार्च 2025 को मैसेज और फोन के जरिए सिग्नेचर ग्लोबल प्रॉक्सिमा, सेक्टर 89 में 2 बीएचके फ्लैट अफोर्डेबल रेट पर दिलवाने का वादा किया। मद के खर्चे के लिए उससे 10 लाख 57 हजार 370 रुपए ले लिए। इसमें उसने 5 लाख नगद और बाकी यूपीआई पेमेंट की थी। सौरभ ने सोसाइटी मेंबरशिप कार्ड के लिए 2170 रुपए, फ्लैट बुकिंग के लिए 50 हजार रुपए, जीएसटी के नाम पर 27 हजार रुपए, लोन प्रोसेसिंग के लिए 7200 रुपए, डाउन पेमेंट के लिए 2.2 लाख रुपए और प्रीमियम के नाम पर 5 लाख रुपए नकद मांगे। पूजा ने कुल 10,57,370 रुपए का भुगतान किया। जिसमें 5 लाख रुपए नकद और बाकी ऑनलाइन दिए। इसके बाद सौरभ ने 18 मार्च 2025 को रजिस्ट्री, वकील फीस और इंश्योरेंस के नाम पर 2,51,000 रुपए और लिए। सब्सिडी के नाम का 2,38,000 रुपए का एक चेक दिया, जो बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने के बाद पूजा ने सौरभ से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसने फोन उठाना बंद कर दिया और सोसाइटी छोड़कर फरार हो गया। पूजा को बाद में पता चला कि सौरभ ने जिस फ्लैट को दिलवाने का वादा किया था, वह पहले ही सुचित्रा मित्तल नाम की महिला को अलॉट हो चुका है। अब उन्हें जानकारी मिली है कि सौरभ ने कई अन्य लोगों के साथ भी ऐसी ठगी की है। पूजा ने आरोप लगाया कि इस धोखाधड़ी में राहुल, रुपेश बैकर और एक्सिस बैंक के मैनेजर अहमद भी शामिल हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने एक्सिस बैंक मैनेजर सहित चार पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

# जबरिया वसूली नहीं देने पर ट्रैक्टर चालक पर हमला

## पुलिस ने मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डीएलएफ फेज-1 थाना एरिया में जबरिया की जा रही वसूली नहीं देने पर आधा दर्जन युवकों ने ट्रैक्टर चालक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने बीच-बचाव में आए युवक पर भी हमला किया। लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। हमले में घायल ट्रैक्टर चालक को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में फरीदाबाद के साहिद खान ने कहा कि वह काफी समय से गुरुग्राम से फरीदाबाद अपने ट्रैक्टर में ईंट भरकर लेकर जाता है। बंधवाड़ी टोल टैक्स के पास बंधवाड़ी के अंकुश, अजब व कृष्णपाल उससे मंथली के तौर पर रुपए मांगते थे। बीती 2 जून की सांय करीब आठ बजे जबरिया वसूली के रुपए नहीं देने पर उस पर हमला कर दिया।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. रशुतोष @ गोलू, पुत्रः राजू, पताः मकान नं. 411/412, ए–2, कांचीपुरम चौक, नंद नगरी, दिल्ली 2. धर्मेश @ आकाश @ दानिश, पुत्रः जितेंद्र, पताः मकान नंबर– 216, डी–2, नंद नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 82/2025, dated 06.04.2025, U/s 21/25/29 NDPS, पुलिस थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. रशुतोष @ गोल, 2. धर्मेश @ आकाश @ दानिश** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. रशुतोष @ गोल, 2. धर्मेश @ आकाश @ दानिश** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अभियुक्त **1. रशुतोष @ गोल, 2. धर्मेश @ आकाश @ दानिश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री सौरभ प्रताप सिंह लालेर
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस),
कमरा नंबर 11, शाहदरा
कड़कड़डूमा कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6932/Crime/2025


# जीएसटी चोरी का हवाला देकर 50 लाख की रिश्वत मांगी, 10 लाख पर बनी बात

## सीबीआई ने दो को किया गिरफ्तार, सीजीएसटी अक्षीक्षक व अन्य फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सीबीआई ने शीट मेटल कारोबारी से रिश्वत लेने के मामले में एक अधिकारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें सीजीएसटी अधीक्षक तनोज यादव और टेंडर पर काम करने वाला आकाश रोहिल्ला शामिल हैं। मामले में दो अन्य अधिकारी फरार हैं। मंगलवार शाम को सीबीआई की टीम ने एसजीएम के बी ब्लॉक स्थित सीजीएसटी कार्यालय और आकाश रोहिल्ला के ठिकाने पर छापेमारी की। छापेमारी के बाद आकाश और अधीक्षक को 10 लाख रुपए की रिश्वत के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

एनआईटी में रहने वाले मनोज मलिक का शीट मेटल का कारोबार है। उनकी एक कंपनी एनआईटी-3 और दूसरी नवादा में है। शिकायतकर्ता के मुताबिक 30 मई को सीजीएसटी टीम ने नवादा स्थित उनकी कंपनी पर छापेमारी की थी। टीम ने बताया कि उनके यहां जीएसटी चोरी की जा रही है। इस टीम में अधीक्षक तनोज यादव, अधीक्षक संजीव, इंस्पेक्टर भगत सिंह शामिल थे। टीम ने पूरी फैक्ट्री की जांच कर दस्तावेज चेक किए कहा बिलों में काफी गड़बड़ियां हैं। मनोज को केस दर्ज कराने की धमकी देकर टीम वहां से चली गई। इसके बाद मनोज से सीजीएसटी में टेंडरों पर काम करने वाले आकाश रोहिल्ला ने संपर्क किया। उसने कहा कि वह 50 लाख रुपए में मामला सुलझा लेगा। इसके लिए उसने इंस्पेक्टर भगत को भी राजी कर लिया था। लेकिन मनोज ने कहा कि वह इतनी बड़ी रकम नहीं दे सकता। इसके बाद आकाश रोहिल्ला ने 25 लाख रुपए देने की बात कही। लेकिन वह भी बात नहीं बनी। 10 लाख रुपए की मांग की गई। मनोज ने पैसों का इंतजाम करने के लिए दो दिन का समय मांगा।

इस दौरान मनोज ने सीबीआई में शिकायत की। मामले की पुष्टि होने के बाद सीबीआई ने सीजीएसटी कार्यालय की तलाशी के लिए कोर्ट से सर्च वारंट हासिल किया। मंगलवार शाम को मनोज ने आकाश को 10 लाख रुपए दे दिए। इस दौरान सीबीआई टीम ने कार्यालय में छापेमारी की। जिसमें आकाश और तनोज यादव को हिरासत में ले लिया गया। छापेमारी की सूचना मिलते ही अधीक्षक संजीव और भगत फरार हो गए। दोनों फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **नितिन** पुत्र कमल दास, निवासी-एम-524, शकूरपुर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 709/2020 धारा 323/341/506/34 भा.द.स, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **नितिन, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 709/2020 धारा 323/341/506/34 भा.द.स, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 08.07.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री रीतिका जैन**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-03
उत्तर-पश्चिम, कोर्ट संख्या 105
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/6984/OD/2025



# भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय

**खानपुर कलां, (सोनीपत), हरियाणा**

{हरियाणा विधायिका के 2006 के अधिनियम 31 द्वारा स्थापित और यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 2 (एफ) और 12बी के तहत यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त एक राज्य विश्वविद्यालय}
बी++ एनएएसी प्रमाणित

## प्रवेश सूचना (2025-2026)

विश्वविद्यालय शैक्षणिक वर्ष 2025–2026 के दौरान विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग (यूटीडीएस), बीपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग (बीपीएसआईएचएल), क्षेत्रीय केन्द्रों खरल (जींद) एवं कृष्ण नगर (रेवाड़ी) और सेंटर फॉर सोसाइटी यूनिवर्सिटी इंटरफेस एंड रिसर्च (सीएसयूआईआर) द्वारा प्रस्तावित निम्नलिखित प्रोग्राम्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। प्रोग्राम्स मल्टीपल एंट्री–एग्जिट विकल्प, जहां लागू हो, सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रस्तुत किए गए हैं।

### पोस्ट–ग्रेजुएट प्रोग्राम्स

1. अंग्रेजी में एम.ए.
2. सामाजिक कार्य में एम.ए.
3. अर्थशास्त्र में एम.ए.
4. इतिहास और पुरातत्व में एम.ए.
5. राजनीति विज्ञान में एम.ए.
6. शिक्षा में एम.ए.
7. संस्कृत में एम.ए.
8. हिंदी में एम.ए.
9. मनोविज्ञान में एम.ए.
10. मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए)
11. मास्टर ऑफ कॉमर्स (एम.कॉम.)
12. मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट (एमएचएम)
13. सीएसई में एम.टेक. (नेटवर्क सिक्योरिटी)
14. ई.सी.ई. में एम.टेक.
15. फैशन टेक्नोलॉजी–फंक्शनल गारमेंट्स में एम.टेक.
16. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में एम.टेक.
17. इंफॉरमेशन कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी में मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
18. गणित में एम.एससी.
19. भौतिकी में एम.एससी.
20. रसायन विज्ञान में एम.एससी.
21. भूगोल में एम.एससी.
22. फूड एंड न्यूट्रीशन में एम.एससी.
23. पर्यावरणीय विज्ञान में एम.एससी.
24. मास्टर ऑफ फिजिकल एजूकेशन एंड स्पोर्ट्स (एमपीईएस)
25. एम.एड. (मास्टर ऑफ एजूकेशन)
26. एलएल.एम.*
27. आयुर्वेद में एम.डी. (द्रव्यगुण)**
28. आयुर्वेद में एम.डी. (कायाचिकित्सा)**

### पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम्स

1. फ्रेंच में विदेशी भाषा अध्यापन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
2. जर्मन में विदेशी भाषा अध्यापन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
3. रशियन में विदेशी भाषा अध्यापन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा

### डिप्लोमा प्रोग्राम्स

1. फ्रेंच में विदेशी भाषा अध्यापन में डिप्लोमा
2. जर्मन में विदेशी भाषा अध्यापन में डिप्लोमा
3. रशियन में विदेशी भाषा अध्यापन में डिप्लोमा
4. सहकारी प्रबंधन में डिप्लोमा ऑफ प्रोफिशियंसी

### सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी (सीओपी)

1. माइक्रो फाइनेंस प्रैक्टिसेज एंड वीमेन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी
2. फॉक मेडिसन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी
3. सहकारी प्रबंधन में सर्टिफिकेट ऑफ प्रोफिशियंसी

### अंडर–ग्रेजुएट प्रोग्राम्स

1. अंग्रेजी में बी.ए. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
2. अर्थशास्त्र में बी.ए. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
3. बी.कॉम. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
4. बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
5. बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)
6. बी.ए. (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
7. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
8. बैचलर ऑफ होम साइंस (ऑनर्स) (इंटरडिसिप्लीनेरी)
9. बैचलर ऑफ फिजिकल एजूकेशन एंड स्पोर्ट्स (ऑनर्स/ रिसर्च सहित ऑनर्स)
10. बैचलर ऑफ लाइफ साइंसेज (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
11. बी.ए.–एल.एल.बी.
12. बी.बी.ए–एलएल.बी.
13. बी.फार्मेसी, बी.फार्मेसी (लेटरल एंट्री) (एचएसबीटीई द्वारा आयोजित कॉमन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से)
14. बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.)
15. बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड सर्जरी (बीएएमएस) नीट (यूजी) 2025 में प्राप्त की गई रैंक के आधार पर या सरकार के निर्देशानुसार केन्द्रीकृत काउंसलिंग के माध्यम से)**
16. मोबाइल कम्यूनिकेशन में बी. वोक.
17. फैशन टेक्नोलॉजी एंड अपेरल डिजाइनिंग में बी. वोक.
18. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बी.टेक.**
19. सूचना प्रौद्योगिकी में बी.टेक.**
20. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक.**
21. फैशन टेक्नोलॉजी में बी.टेक.**

### खरल (जींद) में क्षेत्रीय केंद्र

**एनईपी–2020 के तहत अंडर–ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**

1. बी.ए. (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
2. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
3. बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स)
4. संस्कृत में बी.ए. (ऑनर्स)

**पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**

1. अंग्रेजी में एम.ए.
2. राजनीति विज्ञान में एम.ए.

### कृष्ण नगर (रेवाड़ी) में क्षेत्रीय केंद्र

**एनईपी– 2020 के तहत अंडर–ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**

1. बी.ए. (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी),
2. बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) (मल्टीडिसिप्लीनेरी)
3. बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स)

**पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स**

1. अंग्रेजी में एम.ए.
2. राजनीति विज्ञान में एम.ए.

### महत्वपूर्ण जानकारी :–

1. उपरोक्त प्रोग्राम्स के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 04.06.2025 से 23.06.2025 तक किया जाएगा।
2. सभी प्रोग्राम्स के लिए प्रवेश क्वालीफाइंग परीक्षा की मैरिट के आधार पर किया जाएगा।
3. *प्रवेश (एलएल.एम. में) बीपीएसएमवी द्वारा आयोजित किए जाने ई–टेस्ट की मैरिट के आधार पर किया जाएगा।
4. **प्रवेश उनके सम्बद्ध नियामक निकायों द्वारा आयोजित काउंसलिंग के आधार पर किया जाएगा।
5. ऑनलाइन प्रवेश आवेदन जमा करने के लिए प्रोसेसिंग चार्जेज सामान्य श्रेणी के लिए रु. 500/- और केवल हरियाणा के एससी, बीसी और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों के लिए रु. 125/– है। विवरणिका विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpsmv.ac.in से निःशुल्क डाउनलोड की जा सकती है।
6. ऑनलाइन प्रवेश हेल्प डेस्क नं. और ई–मेल हैं :- 8059013131, 9729144411, helpadmission@bpswomenuniversity.ac.in
7. किसी विस्तृत प्रोग्राम के बारे में जानने के लिए, प्रवेश को–ऑर्डिनेटर्स से सम्पर्क करें, जिनके नम्बर विवरणिका 2025–26 में दिये गये हैं।

**आएं और बेहतर भविष्य के लिए हमें ज्वाइन करें**

संवाद–1239/11/84/2026/35366/सी/88/7 दि. 04.06.25 — रजिस्ट्रार

## खबर संक्षेप

### बाढ़ में सड़क क्षतिग्रस्त हुई तो मिलेगा मुआवजा



**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने किसी आपदा से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने पर इनके पुनर्निर्माण के लिए निर्धारित दरों में 64 गुना की वृद्धि कर दी है। जिन प्रमुख जिला मार्गों के क्षतिग्रस्त होने पर पहले एक लाख रुपए प्रति किमी मिलता था, उस राशि को बढ़ाकर अब 64 लाख रुपए कर दिया है। अब पहले के मुकाबले इस मद से मरम्मत और निर्माण के ज्यादा प्रस्ताव आएंगे। यूपी के कई इलाकों में हर साल बाढ़ से सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं।

### केन्द्रीय कृषि मंत्री बोले, सीमांत किसानों के लिए इंटीग्रेटेड फार्मिंग को प्रोत्साहित करना होगा

# अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता भी बन सकते हैं हमारे किसानः शिवराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को नई दिल्ली में नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनएसईएफआई) द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय कृषि-नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2025' में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने फेडरेशन द्वारा तैयार कृषि और नवीकरणीय ऊर्जा पर रिपोर्ट एवं वार्षिक संदर्भ पुस्तिका का विमोचन भी किया।

कृषि क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा के समावेश को लेकर देश के नीति-निर्माताओं, विशेषज्ञों और किसानों के बीच संवाद व सहयोग के लिए सम्मेलन आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि बदलते समय के अनुसार अब इंटीग्रेटेड फार्मिंग यानी एकीकृत कृषि प्रणाली को भी अपनाना होगा, इसके माध्यम से सीमांत किसान अपनी जमीन के हर एक हिस्से का सही उपयोग कर समृद्धि के मार्ग पर तेजी से बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर चौहान ने कहा कि किसानों को बिजली उपलब्ध कराने के लिए सोलर पैनल बड़ा माध्यम बन सकता है। किसानों के लिए ऊर्जा सुनिश्चित करने हेतु पीएम कुसुम योजना इसी दिशा में काम कर रही है। खेतों में ऊंचाई पर सोलर पैनल और उसी के नीचे खेती के मॉडल पर भी विचार रखें।



उन्होंने कहा कि ऐसा कदम हमारे छोटे और मध्यम स्तर के किसानों को अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता भी बना देगा। इस मॉडल को और अधिक विकसित करने के साथ-साथ इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। भविष्य में अगर इसका कारगर और आधुनिकतम मॉडल संज्ञान में लाया जाता है तो निश्चित तौर पर सरकार इसे आगे बढ़ाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि 29 मई से 15 दिवसीय 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' जारी है। किसानों को समृद्ध बनाने कि लिए छह कारगर उपाय जिसमें उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, उत्पादन के सही दाम सुनिश्चित करना, नुकसान की स्थिति में भरपाई की व्यवस्था, विविधिकरण और उर्वरकों के संतुलन प्रयोग से आने वाले पीढ़ी के लिए भी धरती को सुरक्षित रखना हमारे मुख्य उद्देश्यों में शामिल हैं। मिट्टी की उर्वरकता को बचाए रखने के लिए जैविक खेती भी अत्यधिक जरूरी है।

उन्होंने बताया कि 2014-15 के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ चुका है। गेहूं, चावल, मक्का, मूंगफली में उत्पादन बढ़ रहा है लेकिन अब हमें दलहन-तिलहन के उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए कदम उठाने होंगे।

## पेज एक का शेष

### जीत के जश्न में...

रही है। घायलों को बॉरिंग और वैदेही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना उस समय हुई जब टीम की जीत का जश्न मनाने के लिए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भारी भीड़ जमा थी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में 3 जून की रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 6 रन से हराकर पहली बार ट्रॉफी जीती। चैंपियन बनने के बाद विराट कोहली और आरसीबी के अन्य खिलाड़ियों ने मंगलवार रात को बताया कि वे अगले दिन बेंगलुरु में प्रशंसकों के साथ खिताब का जश्न मनाएंगे।

**बंगलूरु भगदड़ पर पीएम मोदी ने जताया दुखः** बंगलूरू की घटना पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि बंगलूरू में हुई दुर्घटना वाकई दिल दहला देने वाली है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द स्वस्थ हों।

### प्रधानमंत्री मोदी आज लगाएंगे ...

*और जल निकायों के जीर्णोद्धार के माध्यम से अरावली की जैव विविधता को बढ़ावा देना है। वहीं, इसका उद्देश्य क्षेत्र की मिट्टी की उर्वरता, जल उपलब्धता और जलवायु अनुकूलता में सुधार करना भी है। गौरतलब हो, यह परियोजना स्थानीय समुदायों को रोजगार और आय सृजन के अवसर प्रदान करते हुए लाभान्वित भी करेगी।*

### आतंकवाद के खिलाफ जंग...

संसदीय चुनावों में जीत हासिल कर पिछले महीने दूसरी बार गठित की गई लेबर पार्टी की सरकार के वरिष्ठ मंत्री की ये पहली भारत यात्रा है। जिसके पीछे दोनों देशों की व्यापक सामरिक भागीदारी की पांचवीं वर्षगांठ भी एक वजह है। 2 से 5 जून तक रिचर्ड मार्लेस भारत, मालदीव, श्रीलंका और इंडोनेशिया जैसे दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की यात्रा पर थे।

**समझाई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई :** मंत्रालय ने बताया, बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री को सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा में की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बारे में बताते हुए कहा, नई दिल्ली की पाकिस्तान के विरूद्ध की गई कार्रवाई बिना उकसावे वाली एक नपी-तुली हुई, संतुलित और जिम्मेदारी से भरी हुई कार्रवाई थी। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में सराहनीय प्रगति को हासिल करने का जिक्र किया और भविष्य में विकास की इसी गति को बनाए रखने की समीक्षा की। दोनों ने ऑस्ट्रेलिया-भारत संयुक्त शोध परियोजना पर हस्ताक्षर का स्वागत किया और रक्षा उद्योग सहयोग को और अधिक बढ़ाने पर भी सहमति दी।

**शांत, समृद्ध हिंद-प्रशांत को दिया समर्थन :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट में रिचर्ड मार्लेस के साथ हुई बैठक को बेहद उपयोगी बताया। उन्होंने चुनाव में जीत के बाद फिर से रक्षा मंत्री का कार्यभार ग्रहण को लेकर उन्हें बधाई दी। हमने भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी की विस्तार से समीक्षा की। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता और नेतृत्व दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी का एक अहम स्तंभ बनकर उभरा है। पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया को लेकर साफ समर्थन देने के लिए ऑस्ट्रेलिया को धन्यवाद दिया। दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग को लगातार मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, समृद्धि, स्थिरता और प्रगति के साझा उद्देश्य को लेकर प्रतिबद्धता जताई।

### पीएम मोदी का अल्बानीस...

देशों का मार्गदर्शन करता रहेगा। उन्होंने रक्षा औद्योगिक सहयोग, सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला, महत्वपूर्ण खनिजों, नवीन और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। मार्लेस ने पीएम के समक्ष सीमापार आतंकवाद के खिलाफ भारत की जंग में अपने देश का समर्थन दोहराया। पीएम मोदी ने इस साल के अंत में भारत में आयोजित किए जाने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस को आमंत्रित किया।

### संसद का मानसून...

बीच सरकार ने यह ऐलान किया है। इससे पहले संसद का बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया गया था। पहला सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चला। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ और चार अप्रैल को समाप्त हुआ था।

**राज्यसभा में कितना काम हुआ ?:** बजट सत्र में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया था कि सदन की अब तक की सबसे लंबी बैठक गुरुवार तीन अप्रैल को हुई थी। यह तीन अप्रैल को सुबह 11 बजे शुरू हुई और चार अप्रैल को सुबह 4:02 बजे तक चली। ऊपरी सदन में रिकॉर्ड 49 निजी सदस्यों के विधेयक भी पेश किए गए। कुल मिलाकर सदन ने कुल 159 घंटे काम किया, जिसमें आधी रात के बाद 4 घंटे से अधिक समय शामिल है। इस सत्र की उत्पादकता 119 प्रतिशत रही।

**लोकसभा में कितना काम हुआ :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया था कि संसद के निचले सदन में 26 बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि कुल उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत रही।' उन्होंने बताया कि बजट सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पेश किए गए। वक्फ संशोधन विधेयक और मुस्लिम वक्फ (निरसन) विधेयक सहित 16 विधेयक पारित किए गए।

### पहाड़ी राज्यों में....

से कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में क्षेत्रीय कार्य शुरू होने वाला था। हालांकि, देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा। सरकार ने हाल ही में ये फैसला लिया था कि वह जाति जनगणना करवाएगी। साल 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना के तहत जाति के आंकड़े जुटाए गए लेकिन इस डेटा का पूरी तरह प्रयोग नहीं किया गया।

**जाति जनगणना के लाभ क्या हैं :** जाति जनगणना से सामाजिक न्याय और समानता सुनिश्चित होता है क्योंकि सरकार उसी हिसाब से योजनाएं बनाती है। इससे नीति निर्माण में सहायता मिलती है और पिछड़े समुदायों की पहचान होती है। ये पहचान होने से इस समाज के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई जा सकती हैं और उनकी स्थिति को सुधारा जा सकता है। चूंकि इससे सटीक डेटा मिलता है तो सरकार संसाधनों का उचित वितरण कर सकती है। जिससे भेदभाव की आशंका कम हो जाती है। इसके अलावा इससे सामाजिक असमानताओं का विश्लेषण होता है, जो सामाजिक असमानताओं को दूर करने में सहायक होता है।

# अब जंगलों में पेड़-पौधे और वन्यजीवों की रक्षा वैज्ञानिक तरीकों से होगीः सीएम योगी

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के जंगलों की हरियाली को बचाने और बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन विभाग ने जबरदस्त काम किया है। अब जंगलों में पेड़-पौधे और वन्यजीवों की रक्षा वैज्ञानिक तरीकों से की जा रही है। प्रदेश के सभी 79 वन प्रभागों में दस साल की कार्ययोजना लागू है। इनमें से गोरखपुर, खीरी और बिजनौर की योजनाएं इस साल 30 सितंबर को पूरी हो जाएंगी। पीलीभीत की योजना 2026 तक चलेगी। इन योजनाओं को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल चुकी है। वन विभाग ने आक्रामक विदेशी पौधों, जैसे लैंटाना और प्रोसोफिस को हटाने के लिए भी वैज्ञानिक तरीके अपनाए हैं। ये पौधे जंगल की असली वनस्पति को खत्म कर



देते हैं और वन्यजीवों के लिए खतरा बनते हैं। इन्हें हटाने के लिए खास तरह के शोध और योजना बनाई गई है। इससे जंगल की असली हरियाली फिर से लौटेगी। साथ ही जंगलों में लगने वाली आग को रोकने के लिए भी आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इससे आगजनी की घटनाएं कम होंगी और जंगल महफूज रहेंगे। बरेली, लखनऊ, झांसी और कानपुर में टिशू कल्चर तकनीक से पेड़-पौधों की नई पौध तैयार की जा रही है। ये पौधे ज्यादा मजबूत और ज्यादा फायदेमंद होंगे। इससे प्रदेश की हरियाली को नई ताकत मिलेगी। इसके अलावा राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत अच्छी क्वालिटी की बांस की पौध भी तैयार हो रही है। यह बांस न सिर्फ पर्यावरण के लिए फायदेमंद होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी देगा।






डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# लगभग एक जैसे होते हैं कोरोना-फ्लू के लक्षण



**पिछले कुछ समय से कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कृपया बताएं कि ऐसे में हम सामान्य फ्लू और कोविड के बीच अंतर कैसे पहचानें? कोविड से बचे रहने के लिए हम क्या सावधानियां बरतें?**

**-जीतन, रोहतक**

आप कोरोना को लेकर अवेयर हैं, यह अच्छी बात है। लेकिन कोरोना और फ्लू के लक्षण लगभग एक ही जैसे होते हैं, इसलिए कोरोना की जांच करने के बाद ही इसकी पहचान हो पाती है। इससे बचने के लिए आप रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं यानी, विटामिन-सी वाले फल अधिक खाएं। इसके साथ ही भीड़-भाड़ वाले स्थान में जाएं तो मास्क लगाकर जाएं। हालांकि कई एक्सपर्ट डॉक्टर्स के अनुसार इस बार कोरोना से घबराने की जरूरत नहीं है। फिर भी जरूरी सावधानियां आपको बरतनी चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरा गला हमेशा सूखता रहता है, जबकि मैं पर्याप्त मात्रा में पानी पीता हूं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और मेरी ये प्रॉब्लम कैसे ठीक होगी?**

**-सार्थक, रायपुर**

आपका गला धूप में निकलने पर सूखता है या घर में ठंडे में रहने में भी सूखता है? धूप में रहने पर गला सूखना कोई चिंता की बात नहीं है। हालांकि कई लोगों को प्यास अधिक लगती है इसलिए जैसे ही शरीर में पानी की कमी होती है तो गला सूखने लगता है। अगर इसके साथ और भी कोई समस्या नहीं है तो आप चिंता ना करें, बस पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। मैं स्मोकिंग की लत से परेशान हूं। कई बार कोशिश की, लेकिन मेरी यह लत पूरी तरह से छूट नहीं पा रही है। प्लीज बताएं कि मैं इस आदत से कैसे छुटकारा पाऊं?**

**-सिद्धांत, बिलासपुर**

स्मोकिंग की लत अपने आप छोड़ पाना मुश्किल है, इसीलिए आपको किसी ऐसे सेंटर से संपर्क करना चाहिए, जहां नशा छुड़ाया जाता हो। यह काम डॉक्टरों की देख-रेख में हो सकता है। क्योंकि स्मोकिंग से बॉडी में एक तरह का केमिकल बनता है और जब आप नहीं पीते तो वह परेशानी शुरू हो जाती है। लेकिन ऐसे सेंटरों में इस तरह की दवाई दी जाती है, जिससे स्मोकिंग किए बगैर स्मोकिंग जैसा केमिकल बॉडी को मिलता है और इस दवा की डोज धीरे-धीरे कम कर दी जाती है, जिससे वह आदत छूट जाती है।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। हर रोज सुबह सोकर उठने पर मेरे बदन और खासकर ज्वाइंट्स में जकड़न महसूस होती है। थोड़ी देर मूवमेंट करने के बाद यह अपने-आप ठीक हो जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-हरीश, भोपाल**

उम्र बढ़ने के साथ इस तरह की समस्या शुरू हो जाती है। क्योंकि आप जब सोकर उठते हैं तो आपकी मांसपेशियां पूरी तरह से रेस्ट में होती हैं, इसलिए अकड़न जैसा महसूस होता है। लेकिन जब आप एक्टिव होना शुरू होते हैं तो परेशानी दूर हो जाती है। इसके लिए एक उपाय जरूर करें कि आप नियमित रूप में सुबह और शाम एक्सरसाइज करें। इससे आपको स्थायी राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। मेरी नाक पर ब्लैक हेड्स हो गए हैं, जो दिखने में बहुत खराब लगते हैं। मार्केट में मिलने वाले कई तरह के प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रहा। कृपया ब्लैक हेड्स दूर करने का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-मयंक, दुर्ग**

ब्लैक हेड्स के लिए आप बाजार में उपलब्ध क्रीम का प्रयोग ना करें। यह आपकी स्किन के लिए और नुकसानदेह हो सकता है। बेहतर होगा कि आप एक बार स्किन स्पेशलिस्ट से मिल लें। वह आपको कुछ ट्रीटमेंट सजेस्ट करेंगे, जिसके अनुसार आप ट्रीटमेंट शुरू करें। उससे राहत मिलेगी। बगैर डॉक्टर के संपर्क के किसी तरह की क्रीम का इस्तेमाल न करें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

स्पेशलः वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर डे, 8 जून

यह बेहद चिंता का विषय है कि 40 हजार से अधिक ब्रेन ट्यूमर के नए मामले प्रतिवर्ष भारत में दर्ज हो रहे हैं। इसके होने के कारणों को पूरी तरह रोकना तो अभी संभव नहीं है। लेकिन अगर समय रहते इसकी डायग्नोसिस कर ट्रीटमेंट शुरू कर दिया जाए तो इसे रिमूव किया जा सकता है। इस बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# ब्रेन ट्यूमर सही समय पर डायग्नोसिस-ट्रीटमेंट है जरूरी

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. श्रेय जैन
न्यूरो सर्जन
सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

आधुनिक मेडिकल साइंस में हुई प्रगति के कारण मस्तिष्क या ब्रेन ट्यूमर के संदर्भ में अब घबराने की नहीं बल्कि जागरूक होने की जरूरत है। ऐसे ट्यूमर से ग्रस्त लोगों और उनके परिजनों को यह बात याद रखनी चाहिए कि समय रहते ब्रेन ट्यूमर का अब समुचित उपचार संभव है।

**ऐसे पनपता है ब्रेन ट्यूमर:** जैसे शरीर के अन्य भागों में कोशिकाओं की असामान्य-अनियंत्रित वृद्धि के कारण कैंसर पनपता है, ठीक वैसे ही मस्तिष्क की कोशिकाओं (जिन्हें न्यूरॉन्स कहा जाता है) में अनियंत्रित वृद्धि होने से जो गांठ बन जाती है, उसे ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। ब्रेन कैंसर का एक स्वरूप है ब्रेन ट्यूमर। अमेरिका के येल विश्वविद्यालय में कैंसर के संदर्भ में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि समस्त प्रकार के ब्रेन कैंसर, ट्यूमर होते हैं, किंतु सभी ब्रेन ट्यूमर कैंसर नहीं होते। कैंसर युक्त ब्रेन ट्यूमर तमाम प्रकार के होते हैं, जो मस्तिष्क के किसी भी भाग में हो सकते हैं।

**दो प्रकार के ब्रेन ट्यूमर:** मस्तिष्क स्थित जो ट्यूमर कैंसर रहित होते हैं, उन्हें बिनाइन ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है और जिन ट्यूमर्स में कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि से गांठ पड़ जाती है, उन्हें मैलिग्नेंट या 'कैंसरस' ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। ब्रेन ट्यूमर में मस्तिष्क के टिश्यूज असामान्य रूप से तेजी से बढ़ते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मस्तिष्क के आंतरिक भाग में दबाव बढ़ता है। नतीजतन सिरदर्द आदि समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

**प्राइमरी और मेटास्टेटिक ट्यूमर:** जो ब्रेन ट्यूमर, मस्तिष्क में उत्पन्न होते हैं, उन्हें प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है और जो ट्यूमर मस्तिष्क से परे शरीर के दूसरे अंगों जैसे किडनी, लिवर और फेफड़ों आदि के जरिए मस्तिष्क तक पहुंचते हैं, उन्हें सेकेंडरी या मेटास्टेटिक ब्रेन ट्यूमर कहते हैं।

### क्या हैं कारण

ब्रेन ट्यूमर होने का कोई एक निश्चित कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो सका है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार व्यक्ति की जेनेटिक प्रोग्रामिंग की सीक्वेंसिंग में होने वाली गड़बड़ी या जींस से संबंधित गड़बड़ियों के कारण ज्यादातर ट्यूमर उत्पन्न होते हैं। बावजूद इसके कुछ ऐसी स्थितियां हैं, जिनके परिणामस्वरूप इसके होने का जोखिम बढ़ सकता है। जैसे-विकिरण (रेडिएशन) युक्त माहौल में रहना। अगर किसी वस्तु या स्थान से रेडिएशन हो रहा है तो कालांतर में ऐसे माहौल में रहने से ब्रेन ट्यूमर का जोखिम बढ़ सकता है।

### प्रमुख लक्षण

**सिरदर्द:** सिर में लगातार दर्द रहना, लेकिन कालांतर में तेज सिरदर्द होना। ब्रेन ट्यूमर का दर्द आमतौर पर सुबह के वक्त ज्यादा होता है। सिरदर्द के साथ उल्टी होना। उल्टी के बाद सिरदर्द में तात्कालिक तौर पर राहत मिल जाती है। शरीर के किसी भाग जैसे दाएं हाथ, पैर या बाएं हाथ और पैर में कमजोरी महसूस करना।



**बोलने में दिक्कत:** किसी बात को समझने या फिर भाषा को समझने में दिक्कत।

**दौरे पड़ना:** ट्यूमर दिमाग की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) को दबाते हैं, जिसके कारण मिर्गी रोग जैसे दौरे पड़ते हैं।

**नजर कमजोर होना:** नेत्र ज्योति का कम होते जाना या धुंधला दिखाई पड़ना। इनके अलावा याददाश्त कमजोर होना, पढ़ने या लिखने में परेशानी महसूस करना, हर वस्तु का दोहरा (डबल) स्वरूप दिखाई पड़ना, शारीरिक संतुलन खोना या चक्कर आना, स्वाद व सूंघने की शक्ति का कमजोर होना शामिल हैं।



### ऐसी होती है डायग्नोसिस

**सीटी स्कैन (ब्रेन):** इसकी सहायता से मस्तिष्क के आंतरिक भागों की फोटो देखकर मर्ज की स्थिति का आकलन किया जाता है।

**एमआरआई (ब्रेन):** इसके अंतर्गत रेडियो सिग्नल की मदद से मस्तिष्क की संरचना से संबंधित जानकारियां ली जाती हैं।

**फंक्शनल एमआरआई (ब्रेन):** यह आधुनिक और विशिष्ट एमआरआई है। फंक्शनल एमआरआई (ब्रेन) की जांच से ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी अब कहीं ज्यादा बेहतर हो चुकी है। इसका कारण यह है कि इस विशिष्ट एमआरआई से मस्तिष्क के आंतरिक भाग की गतिविधियों और ट्यूमर के कारण मस्तिष्क के अमुक भाग में हुई क्षति का सटीक आकलन किया जा सकता है।

### इलाज के तरीके

**सर्जरी:** जांचों के आधार पर न्यूरो सर्जन यह बात सुनिश्चित करते हैं कि ब्रेन ट्यूमर का आकार और उसकी स्थिति क्या है। इसके बाद ही ट्यूमर की सर्जरी का निर्णय लिया जाता है। ट्यूमर हटाने के इस ऑपरेशन को क्रेनियोटॉमी कहा जाता है।

**एंडोस्कोपिक सर्जिकल प्रक्रिया:** ब्रेन ट्यूमर को हटाने में इस प्रक्रिया का भी सहारा लिया जाता है।

**विकिरण (रेडिएशन) थेरेपी:** इन दिनों प्रचलन में जारी लगभग सभी रेडिएशन थेरेपीज (फोकस्ड या टारगेटेड) होती हैं। फोकस्ड या टारगेटेड यानी ऐसी रेडिएशन थेरेपी, जिससे कैंसरग्रस्त कोशिकाओं या ट्यूमर के अलावा आस-पास स्थित अन्य स्वस्थ टिश्यूज और कोशिकाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचता।

**गामा नाइफ:** एडवांस रेडियोथेरेपी प्रोसीजर गामा नाइफ से ट्यूमर को खत्म करते हैं।

**साइबर नाइफ रेडिएशन थेरेपी:** अगर ट्यूमर का आकार टेढ़ा है या फिर अंडाकार है, तो ऐसे मामलों में साइबर नाइफ बेहतर साबित होता है।

**प्रोटॉन बीम थेरेपी:** कैंसर के इलाज में यह सबसे आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। प्रोटॉन बीम रेडिएशन थेरेपी के अंतर्गत ब्रेन ट्यूमर को हटाने के लिए प्रोटॉन की किरणों का उपयोग करते हैं, जबकि ज्यादातर रेडिएशन थेरेपी में एक्स-रे का उपयोग होता है।

**कीमोथेरेपी:** इसके अंतर्गत ट्यूमर को समाप्त करने के लिए दवाओं का उपयोग किया जाता है।



### क्या संभव है बचाव

फिलहाल किसी वैक्सीन या दवा से ब्रेन ट्यूमर से बचाव संभव नहीं है। हालांकि स्वास्थ्यकर जीवनशैली- जैसे नियमित व्यायाम और उचित, पौष्टिक खान-पान, जीवन के प्रति सकारात्मक सोच से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखा जा सकता है। ये सब बातें प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर्स से बचाव के संदर्भ में लागू नहीं होती हैं। हां लेकिन सेकेंडरी ब्रेन ट्यूमर्स को परोक्ष रूप से हेल्दी जीवनशैली अपनाकर रोका जा सकता है। जैसे लंग्स के कैंसर का एक प्रमुख कारण धूम्रपान है। अब अगर कोई शख्स धूम्रपान की लत से दूर है, तो उसे लंग्स कैंसर होने का खतरा कम हो जाता है। इसी तरह अल्कोहल से परहेज कर लिवर कैंसर से बचाव किया जा सकता है। सेकेंडरी ब्रेन ट्यूमर्स वे होते हैं, जो शरीर के अन्य भागों में होने वाले कैंसरों- जैसे फेफड़ों, लिवर, किडनी और ब्रेस्ट आदि के जरिए कालांतर में मस्तिष्क में ब्रेन ट्यूमर के रूप में पनपते हैं। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

## ब्रेन ट्यूमरः मिथ और फैक्ट

**मिथः** तमाम लोगों का मानना है कि सेल फोन या मोबाइल फोन का इस्तेमाल कालांतर में ब्रेन ट्यूमर का कारण बनता है।

**तथ्यः** यूके के यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन में हुए एक अध्ययन के अनुसार अभी तक दुनिया भर में जो शोध, अध्ययन हुए हैं, उनसे यह बात प्रमाणित नहीं होती कि मोबाइल फोन से ब्रेन ट्यूमर होता है। बावजूद इसके तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि लंबे समय तक विकिरण (रेडिएशन) के प्रभाव में रहने से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए विकिरण रहित स्वच्छ पर्यावरण और वातावरण में रहना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

**मिथः** तनावग्रस्त रहने से ब्रेन ट्यूमर होता है।

**तथ्यः** इस तरह की धारणा बेबुनियाद है। ऐसे किसी शोध, अध्ययन से फिलहाल यह जानकारी नहीं मिली है कि तनावग्रस्त रहने से व्यक्ति ब्रेन ट्यूमर से ग्रस्त होता है।

**मिथः** युवाओं को ब्रेन ट्यूमर नहीं होता है।

**तथ्यः** ब्रेन ट्यूमर सभी आयु वर्ग के लोगों को अपनी गिरफ्त में ले सकता है। चाहे वे युवा हों, वयस्क या फिर बुजुर्ग। यहां तक कि नवजात शिशु या छोटे बच्चों में भी ब्रेन ट्यूमर के मामले सामने आते हैं।

**मिथः** उम्र बढ़ने पर ब्रेन ट्यूमर के मामले बढ़ते हैं।

**तथ्यः** ऐसा कुछ भी नहीं है। किसी भी व्यक्ति के जीवनकाल में मैलिग्नेंट ब्रेन ट्यूमर होने का खतरा 1% से कम होता है।

फिटनेस फंडा / विपिन हीरो

# फिटनेस से कॉन्फिडेंस बढ़ता है

हाल ही में एंड टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'भाभीजी घर पर हैं' में मलखान सिंह के रोल में विपिन हीरो ने एंट्री की है। वे एक्टिंग पर फोकस करने के साथ अपनी फिटनेस का भी ध्यान रखते हैं। विपिन का फिटनेस फंडा, जानिए उन्हीं की जुबानी।

**फिटनेस का महत्वः** मेरे लिए फिटनेस सिर्फ अच्छा दिखने का जरिया नहीं है, बल्कि यह एनर्जी, कॉन्फिडेंस और पॉजिटिव सोच का एक मजबूत स्रोत है। जब आप फिट होते हैं तो आपके शरीर में एनर्जी का एक अलग ही लेवल होता है, जिससे दिनभर की जिम्मेदारियों और चुनौतियों का सामना करना आसान हो जाता है। फिटनेस से आत्मविश्वास भी बढ़ता है। जब आप खुद को शारीरिक रूप से अच्छा महसूस करते हैं, तो वह आत्मविश्वास आपके काम, रिश्तों और हर पहलू में झलकता है।

**मेरा डाइट प्लानः** मैं सादा, संतुलित और पौष्टिक खाना पसंद करता हूं। मेरी सुबह की शुरुआत गुनगुने नीबू पानी से होती है, जिससे शरीर डिटॉक्स होता है और दिनभर फ्रेशनेस बनी रहती है। इसके बाद नाश्ते में ओट्स या अंडे लेता हूं। कुछ हल्का लेकिन एनर्जेटिक फूड, ताकि शूटिंग के लिए ऊर्जा बनी रहे। चूंकि शो की शूटिंग कई घंटों तक चलती है, इसलिए मैं अपना लंच साथ लेकर ही सेट पर जाता हूं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि मैं जंक फूड से दूर रहूं और अपनी डाइट में कोई समझौता न करूं। लंच में दाल, चावल, सब्जी और सलाद शामिल होता है। ये शरीर को जरूरी पोषण देते हैं। रात का खाना मैं हल्का ही लेता हूं- जैसे सूप, ग्रिल्ड वेजिटेबल्स या चिकन, ताकि नींद अच्छी आए और अगला दिन एनर्जेटिक शुरू हो। मैं चीनी और जंक फूड से दूरी बनाकर रखता हूं, क्योंकि ये इंस्टेंट एनर्जी तो देते हैं, लेकिन बाद में शरीर को थका देते हैं।



**मेरा वर्कआउट रूटीनः** फिलहाल शूटिंग में मेरा काफी समय निकल जाता है फिर भी मैं हफ्ते में कम से कम 5 दिन जिम जरूर जाता हूं। कार्डियो, वेट ट्रेनिंग और कभी-कभी योगा भी करता हूं। जब शूटिंग बहुत लंबी चलती है, तो सेट पर ही ब्रेक में स्ट्रेचिंग या वॉक कर लेता हूं। मेरे लिए वर्कआउट किसी टास्क की तरह नहीं बल्कि रिचार्ज होने का जरिया है। चाहे शूट कितना भी लंबा हो, मैं 30-45 मिनट का समय निकाल ही लेता हूं।

**मेंटल हेल्थः** मेंटली हेल्दी रहने के लिए मैं मेडिटेशन करता हूं, किताबें पढ़ता हूं और म्यूजिक सुनता हूं। कभी-कभी दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताकर खुद को रिचार्ज करता हूं। मानसिक शांति उतनी ही जरूरी है, जितनी फिजिकल फिटनेस।

**पाठकों को सलाहः** कंसिसटेंसी इज द की- यह सिर्फ एक कहावत नहीं, बल्कि एक जीवन मंत्र है। किसी भी अच्छी आदत को अपनाने और उसे बनाए रखने के लिए निरंतरता सबसे जरूरी है। शुरुआत में बड़े बदलाव की जरूरत नहीं होती, बस छोटे-छोटे कदम काफी होते हैं। जैसे लिफ्ट की जगह सीढ़ियां चढ़ना और खाने में तली-भुनी चीजों की जगह हेल्दी विकल्प चुनना। ये छोटे स्टेप्स धीरे-धीरे आपकी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन जाते हैं और बड़ा बदलाव लाते हैं। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

प्रिकॉशन

ललिता गोयल

आज वर्ल्ड एंवॉयर्नमेंट डे है। इस वर्ष की थीम 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' रखी गई है। ऐसे में आपको जरूर पता होना चाहिए कि प्लास्टिक के बर्तन में खाना हमारी हेल्थ के लिए कितना हार्मफुल हो सकता है?

# हेल्थ के लिए हार्मफुल प्लास्टिक के बर्तन में खाना

आजकल लगभग हर घर में प्लास्टिक के बर्तन इस्तेमाल हो रहे हैं। चाय पीने से लेकर खाना खाने तक में प्लास्टिक के बर्तनों का प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्लास्टिक का यूज हमारी सेहत पर कितना खराब असर डाल सकता है?

**क्या कहती है स्टडीः** हाल ही में साइंस डायरेक्ट डॉट कॉम में प्रकाशित एक स्टडी में यह बात सामने आई है कि प्लास्टिक के डिब्बे में खाना खाने से हार्ट फेलियर का खतरा बढ़ सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार प्लास्टिक के बर्तन पेट के लिए जहर की तरह होते हैं। प्लास्टिक के डिब्बों में रखा खाना खाने से छोटे-छोटे प्लास्टिक के कण खाने में मिल जाते हैं और हमारे पाचक अंगों तक पहुंच जाते हैं। पेट में रहने वाले अच्छे बैक्टीरिया को नुकसान पहुंचाते हैं और दिल की बीमारियों का खतरा भी हो सकता है।

**किस तरह है खतरनाकः** प्लास्टिक को बनाने के लिए बीपीए का इस्तेमाल किया जाता है। बीपीए से बने कंटेनरों में खाना गर्म करके खाने से भोजन में बीपीए का स्तर बढ़ जाता है और यह बड़ी मात्रा में शरीर के लिए जहरीला हो सकता है। बीपीए से शरीर में एस्ट्रोजेन हार्मोन असंतुलित हो सकता है, जिसके कारण मूड में बदलाव, रोशनी के प्रति संवेदनशीलता, ऑयली स्किन, नींद न आना, तनाव, चिड़चिड़ापन, चिंता, कैंसर डिजीज होने का खतरा भी रहता है। इसकी वजह से महिलाओं को इंफर्टिलिटी की शिकायत हो सकती है। लंबे समय तक बच्चों को प्लास्टिक प्लेट में खाना खिलाने से बच्चों की इम्यूनिटी भी वीक हो सकती है। इसके अलावा अगर गर्भवती महिलाएं प्लास्टिक बर्तनों का लंबे समय तक इस्तेमाल करती हैं तो इससे होने वाले बच्चे के जन्म में भी विकार हो सकता है।



**रखें ध्यानः** माइक्रोवेव में प्लास्टिक के बर्तन में खाना गरम करने से कैंसर पैदा करने वाले केमिकल्स खाने में मिल जाते हैं। इसलिए माइक्रोवेव में प्लास्टिक के बर्तन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इसी तरह पानी की बोतल को भी गर्म होने से बचाएं। प्लास्टिक की बोतलों में पानी ना पीएं इससे भी कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ सकता है। साथ ही प्लास्टिक की बोतल का बार-बार इस्तेमाल भी ना करें। खाने के सामान रखने के लिए केवल कांच या स्टेनलेस स्टील के कंटेनर ही चुनें। प्लास्टिक के बर्तनों में खाना गर्म करने से बचें। यह बहुत हार्मफुल हो सकता है। *

**(सीनियर फिजिशियन डॉ. जे. के. गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**



### हृदय रोग का खतरा

प्लास्टिक के बर्तनों में गरम खाना रखने से माइक्रोप्लास्टिक निकलता है, जो खाए जाने वाले भोजन में मिल जाता है और फिर आंतों में पहुंच जाता है। इससे आंतों की परत को नुकसान पहुंचता है, जिससे आंतों में समस्या हो सकती है। हानिकारक कोशिकाओं के रक्त में प्रवेश करने से डिहाइड्रेशन हो सकता है, जो शरीर के सर्कुलेशन सिस्टम को नुकसान पहुंचा सकता है और हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है।

इन दिनों गर्मी के मौसम में अधिकांश लोग आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक या कोई और ठंडी डिशेज खाते-पीते हैं। लेकिन कुछ लोगों को इससे सिर या कनपटी में दर्द होने लगता है। ऐसा क्यों होता है और इसका समाधान क्या है, जानिए।

# ठंडा खाने या पीने से हो सकता है ब्रेन फ्रीज

सजेशन

शिखर चंद जैन

कई लोगों को ठंडी चीजें खाने या पीने से सिर या कनपटी में दर्द होता है। इसे ब्रेन फ्रीज कहते हैं। ब्रेन फ्रीज सिर के अगले हिस्से में होने वाला एक अल्पकालिक लेकिन तीव्र दर्द है। यह तब होता है, जब आप कुछ बहुत ठंडा खाते-पीते हैं या तीव्र ठंडक के वातावरण में सांस लेते हैं। इसे 'आइसक्रीम हेडेक' भी कहा जाता है क्योंकि यह अत्यधिक ठंडे खाद्य पदार्थों, जैसे जमे हुए खाद्य पदार्थों के कारण होता है।



**क्या है ब्रेन फ्रीजः** डॉक्टर्स ने ब्रेन फ्रीज को कोल्ड स्टीम्युलेटेड सिरदर्द के रूप में वर्गीकृत किया है। इसे मेडिकल भाषा में स्फेनोपैलेटिन गैंग्लियोन्यूरलगिया कहा जाता है। इसमें आपके माथे और कनपटियों में अचानक दर्द होता है। यह इसलिए होता है क्योंकि आपके मुंह में तालू पर अत्यधिक तापमान परिवर्तन के कारण आपकी रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं और तेजी से फिर से खुल जाती हैं। यह तीव्र परिवर्तन मस्तिष्क को दर्द का संकेत भेजता है। बहुत ठंडा कुछ खाने के बाद अचानक, तीव्र सिरदर्द अकसर मस्तिष्क में रुक जाने जैसा होता है। इसीलिए ब्रेन फ्रीज शब्द का उपयोग किया जाता है।

ब्रेन फ्रीज कुछ समय तक रहता है, अकसर ठंडी चीज खाना बंद करने के 10 मिनट के भीतर यह स्वतः ठीक हो जाता है। बर्फीली हवा के तापमान में रहना अपने सिर को बहुत ठंडे पानी में डुबाना इसके अलावा, माइग्रेन से पीड़ित लोगों में ब्रेन फ्रीज होने की संभावना अधिक होती है। किशोरों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 55.2% माइग्रेन पेशेंट्स में ब्रेन फ्रीज की समस्या हो सकती है, जबकि अन्य 39.6% लोगों में यह समस्या देखी गई।

**ब्रेन फ्रीज के लक्षणः** ब्रेन फ्रीज के लक्षणों में शामिल हैं, माथे या कनपटियों में तेज दर्द। यह किसी ठंडी चीज के तालू (मुंह की छत) पर लगने के तुरंत बाद होता। हर किसी को इस तरह का सिरदर्द नहीं होता है। 618 लोगों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 51% ने ब्रेन फ्रीज महसूस किया।

**निदानः** ज्यादातर मामलों में ब्रेन फ्रीज के लिए चिकित्सा की जरूरत नहीं होती, क्योंकि इसके लक्षण थोड़े समय के लिए ही रहते हैं। आप आइसक्रीम या स्मूदी को धीरे-धीरे खाने, निगलने से पहले अपने मुंह में इन्हें रखकर गर्म करने और कुछ गर्म पीने से इसके लक्षणों को रोक सकते हैं या कम कर सकते हैं। अपने मुंह के तालू को गर्म करने के लिए अपने अंगूठे को उस पर दबाएं। अंतरराष्ट्रीय सिरदर्द सोसायटी के अनुसार अगर आपको कुछ ठंडा खाने के बाद अचानक तेज सिरदर्द होता है और यह कुछ समय में ठीक नहीं होता है, तो डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**सावधानीः** अगर अचानक तेज सिरदर्द, ठंडी हवा, पानी या भोजन के कारण नहीं होता है, तो डॉक्टर से संपर्क करें क्योंकि यह कभी-कभी मेडिकल इमरजेंसी का संकेत हो सकता है। आपको हर अचानक, तीव्र सिरदर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि ये कभी-कभी स्ट्रोक, मस्तिष्क संक्रमण या ट्यूमर जैसी चिकित्सा आपात स्थिति के चेतावनी संकेत हो सकते हैं। *

**(जनरल फिजिशियन डॉ. एल.सी. राठी और डॉ. माधव अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**



इंदौर में एग्रीटेक हब, इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर परियोजना की स्थापना होगी

# कैबिनेट ने कम्पोजिट लॉजिस्टिक हब पवारखेड़ा परियोजना को हस्तांतरित करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की पचमढ़ी बैठक में सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया है। इसमें कम्पोजिट लॉजिस्टिक हब पवारखेड़ा परियोजना को हस्तांतरित करने का निर्णय हुआ है। मप्र में एग्रीटेक हब, इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर परियोजना की स्थापना के लिए कैबिनेट ने प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया।

नर्मदापुरम जिले के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने मे. केसर मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक लि. की ओर से क्रियान्वित कम्पोजिट लॉजिस्टिक हब पवारखेड़ा परियोजना को मे. डीपी वर्ल्ड (दुबई पोर्ट) मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक प्रालि को हस्तांतरित किए जाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक पचमढ़ी के राजभवन में हुई।




### मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम को सहभागीदार बनाए जाने का निर्णय

कैबिनेट ने तकनीकी आधारित कृषि विकास एवं कृषि उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार की भावी संभावनाओं के दृष्टिगत मप्र में एग्रीटेक हब, इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर परियोजना की स्थापना, संचालन के लिए राज्य शासन की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम को सहभागीदार बनाए जाने का निर्णय लिया है।

### डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग के विकास को उत्प्रेरित करेगा

एग्रीटेक हब के प्रमुख उद्देश्यों में आईआईटी इंदौर में कृषि में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करना है। यह 46 डीप एग्रीटेक कार्यक्रमों, 40 आविष्कारों, 25 पेटेंट दाखिल करने, 8 स्टार्टअप के इनक्यूबेशन और स्टार्टअप के माध्यम से 10 प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और लाइसेंसिंग समझौतों को सुविधाजनक बनाएगा। साथ ही फसलों में नए और बेहतर लक्षणों के विकास को सक्षम करने उभरती प्रौद्योगिकियों को उत्प्रेरित करेगा।

### इंदौर में एग्रीटेक हब, इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर परियोजना को मंजूरी

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुरूप भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इन्दौर को परियोजना की स्थापना के लिए राज्यांश के रूप में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राशि दो करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। तकनीकी आधारित कृषि की आवश्कताओं के अनुरूप कृषि उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि किए जाने के उद्देश्य से इंदौर में एग्रीटेक हब, इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर परियोजना की स्थापना की जाएगी। यह गुणवत्तायुक्त तकनीक किसानों तक पहुंचाए जाने की आवश्यकताओं के ज्ञान प्रबंधन, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और क्षमताओं का निर्माण करने के लिए केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करेगा।

### 14.98 करोड़ रुपए की प्रदान की गई प्रशासकीय स्वीकृति

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर की ओर से आइशर इंदौर, आइशर भोपाल एवं सी डेक पुणे के सहयोग से स्थापना की जाएगी। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एव सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से परियोजना लागत राशि 14.98 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना की स्थापना और संचालन के लिए कुल लागत राशि 14 करोड़ 98 लाख रुपए में से इलेक्ट्रॉनिक्स एव सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की 11 करोड़ 32 लाख रुपए की, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की दो करोड़ रुपए की, आईआईटी इन्दौर की एक करोड़ 10 लाख रुपए की, टेकरीमा एग्रो रिसर्च एण्ड डेव्हलपमेंट प्रालि की 25 लाख रुपए की, देवदित्य टेक्नोक्रेट्स एलएलपी इन्दौर की 10 लाख रुपए की, कॉर्नस्टोन साल्यूशन्स इन्दौर की 10 लाख रुपए की और रुचि हाई रिच सीड्स प्रालि की 10 लाख रुपए की वित्तीय सहभागिता रहेगी।

केंद्र और राज्य सरकारों के कामों के आधार पर हमें लगातार जीत मिल रही: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# कांग्रेस ने आजादी के बाद हिंदू-मुस्लिम में फूट डालकर लड़ाया पीएम मोदी ने हर वर्ग की उन्नति के लिए किया काम: सीएम

भाजपा प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर हुई कार्यशाला

कार्यशाला में डॉ. यादव, शर्मा, हितानंद, डॉ. सिंह समेत पदाधिकारियों ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकारें विरासत को संवारने के साथ विकास का काम कर रही हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है और भारत विकसित देशों के श्रेणी में चौथे पायदान पर पहुंच गया है। आज देश की 140 करोड़ से अधिक जनता हमारे साथ है। कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही हिन्दू और मुस्लिम वर्ग में फूट डालकर उनको लड़ाने का कार्य किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर वर्ग की उन्नति के लिए कार्य किया है।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विष्णुदत्त शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता राष्ट्रवादी दल के सदस्य हैं। हमारा प्रत्येक त्योहार से सांस्कृतिक संबंध है, इसलिए मप्र की भाजपा सरकार हर त्योहार को आनंद के साथ जनता के साथ मिलकर मना रही है। मप्र के खंडवा जिले ने जल सरंक्षण के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर पूरे भारत में पहला स्थान हासिल किया है।






### यह केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने का अवसर : शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के कामों के आधार पर हमें लगातार जीत मिल रही है। 9 जून से 'सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष' अभियान शुरू होने जा रहा है, साथ इस माह में अन्य कार्यक्रम भी होंगे। यह हमारे लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने का अवसर है। समय का सद्उपयोग करें और अपने काम के लिए लगातार प्रवास करें। 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर सभी जिलों में पार्टी कार्यक्रम कर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करेगी और जनता को बताएगी कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर किस प्रकार देश के लोकतंत्र का गला घोंटा था। आज राहुल गांधी भी भोपाल में हैं। मध्यप्रदेश की जनता राहुल गांधी से पूछना चाहती है कि कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला क्यों घोंटा था। राहुल गांधी को मध्यप्रदेश की जनता के सवाल का जवाब देना चाहिए।

### कांग्रेस हमेशा संविधान विरोधी रही: वर्मा

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा संविधान विरोधी और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर विरोधी रही है। कांग्रेस चाहती ही नहीं थी कि संविधान देश का कोई व्यक्ति लिखे। कांग्रेस किसी अंग्रेज से देश का संविधान लिखवाना चाहती थी। कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को चुनाव हराने से लेकर उनके साथ कैसा व्यवहार किया, यह जगजाहिर है। देश में कुछ राजनीतिक पार्टियां हमारी पार्टी पर आरोप लगाती हैं कि हम एक समाज के विरोधी हैं। यह सिर्फ अपनी राजनीति साधने के लिए हम पर गलत आरोप लगाते हैं।

### प्रधानमंत्री का संकल्प भारत को विकसित राष्ट्र बनाना: डॉ. सिंह

प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और जब वे अमेरिका के दौरे पर गए, तो वहां के राष्ट्रपति उनकी अगवानी के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचे। इंग्लैंड में प्रधानमंत्री मोदी के जाने पर वंदे मातरम और भारतमाता की जय के नारे गूंज उठे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।

### पर्यावरण दिवस पर लगाएं एक पेड़ मां के नाम : हितानंद

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने आगामी संगठनात्मक कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपबल्धियों को सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल के तहत जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां' के नाम के तहत पौधा रोपकर उसे सहजने का काम हम सभी को करना है।

मुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने याद दिलाए संस्कार

# राहुल गांधी ने जूते उतारे बगैर दे दी इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि, विवाद में घिरे

बैकफुट पर आई कांग्रेस, पूर्व मंत्री वर्मा ने किया बचाव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर अपनी दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी विवाद में घिर गए। उन्होंने बिना जूते उतारे ही इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जूते पहने सामने पहुंचे और फूल उठाकर उनके चित्र के सामने फेंक कर हाथ जोड़े। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने ट्वीट कर श्रद्धांजलि देने के इस तरीके पर सवाल उठाए हैं।

### कांग्रेस के संस्कारों से मिली देश को आजादी: वर्मा

पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि मोहन यादव कांग्रेस को संस्कार सिखाएंगे क्या? वह संस्कार ठीक है, जिसमें भाजपा का नेता नग्न होकर सड़क को बेडरूम बना रहा है? हमारे संस्कार कांग्रेस के संस्कार थे, जिससे इस देश को आजादी मिली।

### ये हमारे संस्कार नहीं: मुख्मंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राहुल गांधी का अपनी दादी को श्रद्धांजलि देने का तरीका मुझे जंचा नहीं। ये हमारे संस्कार नहीं हैं। उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि हमारी संस्कृति में ये संवेदना है। उन्होंने मीडिया के सवाल पर कहा कि राहुल मध्य प्रदेश आए हैं, अपना काम करें, लेकिन उनके आने से कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है।

### राहुल की पूर्वजों के प्रति श्रद्धा नहीं: वीडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी राहुल पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जूते पहने हुए ही राहुल गांधी ने अपनी दादी इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की, इससे उनकी सोच और संस्कार साफ नजर आ रहे हैं। जिसमें अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा नहीं है, भारत की संस्कृति की जानकारी नहीं है। ऐसे व्यक्ति को कांग्रेस प्रधानमंत्री बनाने के सपने देख रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सद्दाम** पुत्र मुस्तफा, निवासी- झुग्गी 96, गली नंबर 7, ग़ाज़ीपुर डेयरी फार्म, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 334/2021 धारा 323/341/387/506/34 भा.द.स, थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सद्दाम** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सद्दाम** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सद्दाम, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 334/2021 धारा 323/341/387/506/34 भा.द.स, थाना गाजीपुर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 11.07.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री सचिन**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-03
पूर्वी जिला, कोर्ट नं16
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/7032/ED/2025

सीएम बोले-हरियाणा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की पहली पसंद बना

# प्रदेश में 10 नए आईएमटी जल्द ही विकसित किए जाएंगे : सीएम सैनी

**सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने को तैयार किया अनुकूल वातावरण**

**उद्योगपतियों से सीएम का आह्वान-विकास गाथा में भागीदार बनें**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में एक अनुकूल व सुदृढ़ औद्योगिक वातावरण तैयार किया है।

इसके परिणामस्वरूप हरियाणा न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उद्योगों और कंपनियों की पहली पसंद बन चुका है। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से आग्रह किया है कि वे हरियाणा में अपनी औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर प्रदेश की प्रगति और विकास में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। प्रदेश में 10 नए औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) विकसित की जाएंगी, जिसकी योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा, नवोदित उद्यमियों को सहयोग देने के लिए सरकार स्टार्टअप इकोसिस्टम को बेहतर बना रही है।



### उद्योगपतियों से मिले सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार देर सायं अपने निवास संत कबीर कुटीर पर पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के प्रमुख उद्योगपति उपस्थित रहे। सैनी ने कहा कि किसी भी प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का होना अनिवार्य है। उन्हें गर्व है कि हरियाणा में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप ये सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### पर्यावरण दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय 'प्लास्टिक प्रदूषण-दुष्प्रभाव एवं समाधान' रखा गया है। पांच जून को सुबह 10 बजे प्रतियोगिता शुरू होगी। इसकी समय सीमा 1 घंटा 30 मिनट निर्धारित की गई है। पोस्टर प्रतियोगिता को चार आयु वर्गों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रथम वर्ग 12 वर्ष तक, द्वितीय वर्ग 13 से 17 वर्ष, तृतीय वर्ग 18 से 21 वर्ष और चतुर्थ वर्ग दिव्यांगजनों का है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5000 रूपए, द्वितीय 3000 रूपए, तृतीय 2000 रूपए तथा दो सांत्वना पुरस्कार 500-500 रूपए रखे गए हैं। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा 5 जून को रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह के न्यू कन्वेन्शन हॉल में यह प्रतियोगिता रखा गया है। यह प्रतियोगिता न केवल युवाओं में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि प्लास्टिक प्रदूषण जैसे गंभीर पर्यावरणीय मुद्दे पर जागरूकता फैलाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन के लिए सुबह 9:30 बजे स्थल पर उपस्थित होना होगा। रजिस्ट्रेशन स्थल न्यू कन्वेन्शन हॉल, नवीन विश्राम गृह, सिविल लाइन, रायपुर रहेगा। प्रतिभागियों को आधार कार्ड की छायाप्रति साथ लानी होगी। मंडल द्वारा ड्राइंग शीट उपलब्ध कराई जाएगी।

विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल से की यात्रा

# स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने दिया साइकिलिंग का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

विश्व साइकिल दिवस पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में तीन किलोमीटर साइकिल यात्रा की और लोगों से नियमित साइकिलिंग की अपील की। उन्होंने इसे स्वस्थ जीवन और आर्थिक बचत के लिए जरूरी बताया। कोटमी चौराहे पर 'मुगौड़ी' चाय की दुकान पर आम लोगों से अनौपचारिक संवाद करते हुए स्थानीय समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मंत्री ने कोटमी स्वास्थ्य केंद्र में नए प्रसव कक्ष का उद्घाटन किया और जननी सुरक्षा कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को गर्भवती माताओं की निगरानी को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल का निरीक्षण कर उन्होंने मरीजों से बातचीत भी की। साइकिलिंग को बढ़ावा देते हुए जायसवाल ने कहा, 'साइकिलिंग मधुमेह और रक्तचाप जैसी बीमारियों से बचाव करती है।

### शनिचरी बाजार में आग करोड़ों का सामान खाक

**बिलासपुर।** सबसे बड़े व्यस्ततम शनिचरी बाजार में बुधवार तड़के करीब 3 बजे भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते घटना स्थल पर दो दर्जन से अधिक दुकान इसकी चपेट में आ गई और पूरी तरह जलकर खाक हो गई। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। इस आगजनी की घटना में कई कॉस्मेटिक, कपड़ा जूता सहित दुकानों में रखा करोड़ों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आनन-फानन में दमकल की टीम पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकानदारों के मुताबिक आग से करोड़ों रुपये का सामान नष्ट हो गया है।

**राष्ट्रीय भूमि मुद्रीकरण निगम**
(100% भारत सरकार के स्वामित्व वाली कम्पनी)

राष्ट्रीय भूमि मुद्रीकरण निगम (एनएलएमसी) सीपीएसईएस और अन्य सरकारी एजेंसियों के नॉन-कोर असैट्स के मुद्रीकरण हेतु स्थापित एक पूर्णतया स्वामित्व वाली भारत सरकार की कम्पनी है। एनएलएमसी निम्नलिखित पद के लिए अनुबंधात्मक आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है :

| पद | रिक्तियों की संख्या |
| --- | --- |
| परामर्शदाता (उप प्रबंधक) – कम्पनी सचिव | एक (1) |

विस्तृत विज्ञापन के लिए, कृपया एनएलएमसी की वेबसाइट https://nlmc.dpe.gov.in/. पर पधारें।
उपरोक्त भर्ती से सम्बन्धित सभी परिशिष्ट, शुद्धिपत्र इत्यादि केवल एनएलएमसी की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय : कमरा नं. 006, ब्लॉक-14, सीजीओ कॉम्पलैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003,
ई-मेल आईडी : sk-nlmc-dpe@gov.in
- विस्तृत विज्ञापन हेतु यहां स्कैन करें।
- आवेदन जमा करवाने की अन्तिम तिथि : 30.06.2025.

सीबीसी-15229/12/0001/2526

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
भारत सरकार
**विश्व पर्यावरण दिवस 2025**
एक राष्ट्र, एक मिशन : प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करो
प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक्स के इको-विकल्पों और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी
के लिए आमंत्रण
5 जून 2025, भारत मण्डपम, नई दिल्ली
समय : अप. 2.00 बजे से अप. 5.30 बजे तक

विशेषताएं :


✓ सिंगल यूज प्लास्टिक्स के इको-विकल्प
✓ उन्नत प्रौद्योगिकी
• प्लास्टिक कचरे की रिसाइकलिंग
• रिसाइकल की गई प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग
• सख्त प्लास्टिक पैकेजिंग का पुन:उपयोग
✓ प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए डिजिटल सोल्यूशंस
✓ स्थानीय निकायों द्वारा प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए रणनीतियां

भागीदारी के लिए पंजीकरण करना :
क्यूआर कोड स्कैन करें
सीबीसी-13101/11/0008/2526

## चिंतन

# गरीब कैदियों को वित्तीय मदद में तेजी लाएं राज्य

देश के जेलों में बंद गरीब कैदियों को जमानत के लिए कानूनी सहायता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भारतीय जेलों में हजारों विचाराधीन कैदी हैं, जिन्हें अपने लिए इंसाफ का इंतजार है। भारतीय अदालतों में मुकदमों की इतनी भीड़ है और न्याय व्यवस्था इतनी सुस्त है कि जेलों में बंद आरोपी गरीब कैदियों की न्याय की आस ही पथरा जाती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गरीब कैदियों की जमानत में मदद के लिए राज्यों से केंद्रीय कोष का इस्तेमाल करने के लिए कहा है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देशित किया है कि वे केंद्रीय कोष से उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करें, जो आर्थिक तंगी के कारण जुर्माना अदा न कर पाने से जमानत या जेल से रिहाई पाने में असमर्थ हैं। सरकार के इस फैसले से गरीब कैदियों को जमानत में और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में मदद मिलेगी। सरकार की पहल पात्र कैदियों को लाभ पहुंचाने की है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) के माध्यम से राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो सीएनए के रूप में नामित है। मोदी सरकार ने वर्ष 2023 के मई में गरीब कैदियों को सहायता योजना शुरू की थी। इसके तहत केंद्र सरकार राज्यों को वित्तीय मदद करती है और राज्य इस फंड का इस्तेमाल गरीब कैदियों की कानूनी मदद में करते हैं। दिक्कत यह है कि राज्य व केंद्र शासित सरकारें गरीब कैदियों की मदद के लिए इस योजना के क्रियान्वयन में उदासीन रहती हैं। इससे केंद्र को बार-बार राज्यों को याद दिलाना पड़ता है, यह स्थिति चिंताजनक है। देश की जेलों में कैदियों की संख्या क्षमता से अधिक है। राज्यों को अपने यहां की जेलों का ऑडिट करना चाहिए, पात्र कैदियों की पहचान कर उन्हें केंद्रीय मदद का लाभ पहुंचाना चाहिए। इसके लिए राज्यों के जेलमंत्री को अपने स्तर पर पहल कर अधिकारी को लगाना चाहिए। जिन राज्यों ने सीमित मात्रा में गरीब कैदियों की मदद की केंद्रीय योजना का उपयोग भी किया है, उनका भी समग्र कार्यान्वयन उत्साहजनक नहीं है। गृहमंत्रालय की ओर से पूर्व में ही योजना के कार्यान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तय कर दी गई है, जिसमें राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को प्रत्येक जिले में एक 'अधिकार प्राप्त समिति' और राज्य मुख्यालय स्तर पर एक 'निगरानी समिति' गठित की जानी चाहिए। इन समितियों को ही पात्र गरीब कैदियों के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत करने का अधिकार है, लेकिन वास्तविकता यह है कि ये समितियां मानवीयता व जिम्मेदारी के भाव से अपना काम नहीं कर रही हैं। इससे योजना का लाभ गरीब कैदियों को नहीं मिल रहा है। हाल ही में जारी 'इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025' के अनुसार, जेलों में कैदियों की राष्ट्रीय औसत कुल क्षमता का 131 प्रतिशत से अधिक है। वहीं कुल कैदियों में विचाराधीन कैदियों की संख्या 76 प्रतिशत होने का अनुमान है। वर्ष 2030 तक कारागारों में कैदियों की संख्या 6.8 लाख तक पहुंच जाएगी, जबकि इनकी क्षमता केवल 5.15 लाख तक होगी। देश में एक बड़े जेल सुधार की आवश्यकता है। इसी के साथ पुलिस के काम करने के तरीके में भी सुधार की आवश्यकता है। जेल में विचाराधीन कैदियों की संख्या बढ़ते रहने के पीछे पुलिस का ही दोषपूर्ण व गैरजिम्मेदाराना कामकाज है। हजारों विचाराधीन कैदी अपने ऊपर लगे आरोप में होने वाली सजा की अवधि से अधिक वक्त तक केस खुलने के इंतजार में जेल में बंद हैं। राज्यों को जेल की दशा में सुधार व गरीब कैदियों की मदद के लिए गंभीरता से काम करना चाहिए।



# पर्यावरण की अनदेखी पड़ रही भारी

विश्व पर्यावरण दिवस
डा.ए.के. अरुण

पहाड़ों में प्लास्टिक प्रदूषण को मानव जीवन एवं हिमालय पारिस्थितिकी तथा जैव विविधता के लिए बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है। उत्तराखंड एवं अन्य पर्वतीय प्रदेशों में प्लास्टिक प्रदूषण की वजह से पर्यावरण की दुर्गति की बात करें तो विगत वर्षों के आंकड़े डरावने लगते हैं। उत्तराखंड में प्रदूषण फैलाने वाले तत्व में मल्टी लेयर प्लास्टिक प्रमुख हैं, जिसमें स्नैक्स के पैकेट, पानी की बोतलें आदि शामिल हैं। विडंबना यह है कि उत्तराखंड में वर्ष 2018 से प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है। अगर पहाड़ और वहां के पर्यावरण को बचाने की पहल तेज नहीं हुई तो वह दिन दूर नहीं, जब धरती पर वन्य जीव और मानव नहीं, केवल कंक्रीट के घर और प्लास्टिक ही रह जाएंगे।

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के बहाने हम इस बार उत्तराखंड सहित देश के लगभग सभी पर्वतीय प्रदेशों में पर्यावरण की स्थिति की चर्चा कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में यह दिवस पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाने का सबसे बड़ा वैश्विक मंच बन गया है। वर्ष 2025 विश्व पर्यावरण दिवस के समारोह के आयोजन की मेज़बानी इस वर्ष कोरिया गणराज्य कर रहा है। इसका थीम है "वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना।" पृथ्वी को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करना सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में उपभोग को कम करना, पहाड़, समुद्र और महासागरों की सुरक्षा तथा पारिस्थितिकी तंत्र की मरम्मत और जैव विविधता को बनाए रखना शामिल है। उत्तराखंड एवं अन्य पर्वतीय प्रदेशों में प्लास्टिक प्रदूषण की वजह से पर्यावरण की दुर्गति की बात करें तो विगत वर्षों के आंकड़े डरावने लगते हैं। उत्तराखंड में प्रदूषण फैलाने वाले तत्व में मल्टी लेयर प्लास्टिक प्रमुख हैं, जिसमें स्नैक्स के पैकेट, पानी की बोतलें आदि शामिल हैं।

कोरोना महामारी के दौरान के वर्षों में जब लॉकडाउन लगाया गया था, तब वर्ष 2021-22 में उत्तराखण्ड में लगभग 25 हजार टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ था। वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 45 हजार टन को पार कर चुका था। उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक प्रदूषण में यह वृद्धि पर्यावरणविदों के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए चिंता का विषय है। पहाड़ों में प्लास्टिक प्रदूषण को मानव जीवन एवं हिमालय पारिस्थितिकी तथा जैव विविधता के लिए बड़े खतरे के रूप में देखा जा रहा है। विडंबना यह है कि उत्तराखंड में वर्ष 2018 से प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है। राज्यभर में प्लास्टिक की थैलियों में सामान लेने देने वाले दुकानदारों और ग्राहकों पर छापेमारी की कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन इस प्रतिबंध का कोई ख़ास असर तो दिखाई नही दिया। लोग पूछते हैं कि प्लास्टिक का विकल्प क्या है? क्या प्लास्टिक प्रदूषण के लिए सिर्फ़ दुकानों पर बिकने वाली प्लास्टिक थैलियां ही ज़िम्मेवार हैं।प्‌लास्टिक पैकेजिंग करने वाली बड़ी-बड़ी कंपनियां क्या अपने प्लास्टिक कचरे का ईमानदारी से निस्तारण करती हैं? हरिद्वार, नैनीताल, देहरादून बद्रीनाथ, केदारनाथ आदि स्थान पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं। इन जगहों पर प्लास्टिक प्रदूषण की स्थिति बहुत चिंताजनक पाई गई है। प्लास्टिक को पर्वतीय परिपेक्ष्य में भी देखने की ज़रूरत है। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट-2016 की "एक्सटेंडेड प्रोडूसर रिस्पांसिबिलिटी" नियम के तहत कंपनियों पर ज़िम्मेदारी होती है कि वे अपने द्वारा पैदा किए गए कचरे का निस्तारण करें लेकिन उत्तराखंड सहित किसी भी पर्वतीय प्रदेश में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिकों के मुताबिक़ यदि हम प्लास्टिक का ऐसे ही अंधाधुंध इस्तेमाल करते रहे तो अगले 20 वर्षों में प्लास्टिक कचरा बढ़कर दोगुना हो जाएगा। प्लास्टिक कचरे के मामले में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून पहले नंबर पर है। दूसरे स्थान पर हरिद्वार आता है। वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को लेकर जो चिंता जतायी जा रही है उसके मद्देनज़र पहाड़ों और उसके आस पास के इलाकों को प्लास्टिक मुक्त करने की सख़्त ज़रूरत है। भले ही प्लास्टिक ने हमारी



ज़िंदगी आसान कर दी हो लेकिन स्वास्थ्य और पर्यावरण को प्लास्टिक से होते नुक़सान के रूप में दुनिया को इसकी भारी क़ीमत चुकानी पड़ रही है। अभी हाल के एक वैश्विक अध्ययन से पता चला है कि प्लास्टिक में उपयोग होने वाले कुछ केमिकल मनुष्य और जीव जन्तुओं की सेहत पर भारी पड़ रहे हैं।

अध्ययन के अनुसार वर्ष 2018 में दुनिया भर में दिल की बीमारी से हुई 3,56,000 से ज़्यादा मौतों का संबंध प्लास्टिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले एक विशेष रसायन "डाई-2ऐथाइलहेक्सिल फ़्थेलेट"(डीईएचपी) से था। यह रसायन प्लास्टिक को लचीला बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन यह तो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर ख़तरा है। चिंता की बात यह है कि इस मामले में भारत की स्थिति सबसे ज़्यादा ख़राब है। यहां हृदय रोग से होने वाली 1,03,587 मौतों के लिए कहीं न कहीं यह केमिकल ज़िम्मेवार है। इस अध्ययन का नेतृत्व न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी लैंगोन हेल्थ के वैज्ञानिकों ने किया है। इस अध्ययन के नतीजे एक विश्व प्रसिद्ध जर्नल "लैंसेट ई बायोमेडिसिन" में प्रकाशित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक में उपयोग होने वाले इन केमिकल्स को फ़ेथेलेट्स कहा जाता है। ये प्लास्टिक के डब्बों, कॉस्मेटिक उत्पादों, डिटर्जेंट सालवेंट, कीटनाशकों, पाइपों और मेडिकल उपकरणों में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है। ये केमिकल सूक्ष्म कणों में बदल कर हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं और शोधकर्ताओं के मुताबिक़ ये मोटापा, डायबिटीज, कैंसर तथा प्रजनन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा देते हैं। वर्ष 2022 के दौरान दुनियाभर में जितना प्लास्टिक तैयार हुआ उसमें 10 फ़ीसद से भी कम रीसाइकल मैटीरियल से बनाया गया था। आंकड़ों पर नज़र डालें तो सन् 2022 में चालीस करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हुआ लेकिन उसमें से महज़ 3.8 करोड़ टन यानी 9.5 फ़ीसद ही रीसाइकल करके बनाया गया, जबकि बाक़ी 36.2 करोड़ टन प्लास्टिक में से 98 फ़ीसद का उत्पादन जीवाश्म ईंधन (मुख्य रूप से कोयला और तेल) से किया गया। यह जानकारी प्लास्टिक के जीवन चक्र पर किए गए पहले व्यापक वैश्विक अध्ययन से सामने आई है। भारत के पारिस्थितिकी संवेदनशील हिमालय क्षेत्र में प्लास्टिक प्रदूषण का संकट दिन प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। नाजुक और संवेदी पहाड़ों पर 80 फ़ीसद से अधिक प्लास्टिक कचरा सिंगल यूज खाद्य और पेय पैकिंग से उत्पन्न हो रहा है। चिंताजनक यह है कि इस कचरे में 70 फीसद तो वह प्लास्टिक है जिसे न तो रीसाइकल किया जा सकता है और न ही इसका कोई बाज़ार मूल्य है। कुल कचरे में पीईटी जैसे रीसाइकल योग्य प्लास्टिक की मात्रा मात्र 18.5 फ़ीसद है। द हिमालयन क्लीनअप (टीएचसी) 2024 रिपोर्ट ने 2018 से जम्मू और कश्मीर से लेकर अरुणाचल प्रदेश का व्यापक प्लास्टिक कचरा और ब्रांड ऑडिट के दौरान यह निष्कर्ष दिया है। रिपोर्ट में पाया गया है कि अधिकांश प्रदूषण फैलाने वाले ब्रांड्स जैसे इंस्टेंट नूडल्स और ऊर्जा पेय पदार्थों की पैकिंग कचरे में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आज समाज में पर्यावरण संरक्षण की समझ पैदा करने की आवश्यकता है। यह प्लास्टिक मानव जीवन के लिए ख़तरा बन गया है। संवेदनशील पहाड़ों में प्लास्टिक के जमा होते ढेर जानलेवा हैं। यह वन्य जीवों और वनस्पति तथा पर्यावरण के लिए ख़तरा हैं।

इस ख़तरे के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक करना होगा। ईको सिस्टम को जानने और इसके संरक्षण के लिए इसे पाठ्यक्रम में शामिल करना तथा इससे आम नागरिकों को भी जोड़ना होगा। अगर पहाड़ और वहां के पर्यावरण को बचाने की पहल तेज नहीं हुई तो वह दिन दूर नहीं, जब धरती पर वन्य जीव और मानव नहीं, केवल कंक्रीट के घर और प्लास्टिक ही रह जाएंगे।

*(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
राजकुमार सिन्हा




# प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रभावी प्रतिबंध लगाना आवश्यक

विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय दिवस है। वर्ष 1972 में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने की थी। हर साल 5 जून को मनाया जाने वाला यह दिवस दुनिया भर के लाखों लोगों को हमारे ग्रह की सुरक्षा और पुनर्स्थापना के साझा मिशन के साथ आता है। यह दिन सरकारों, व्यवसायियों और लोगों के लिए प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ़ कार्रवाई करने और स्वच्छ, स्वस्थ ग्रह को बढ़ावा देने वाली नीतियों का समर्थन करने का एक अवसर है। इस बार 5 जून, 2025 को कोरिया गणराज्य विश्व पर्यावरण दिवस की मेज़बानी करेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना है। प्लास्टिक प्रदूषण एक व्यापक पर्यावरणीय समस्या है जो दुनियाभर में पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। साल 1950 में दुनिया में प्लास्टिक उत्पादन 2 मिलियन टन था, जो साल 2021 में बढ़कर 390 मिलियन टन हो गया है। एक अध्ययन के मुताबिक 2.2 करोड़ टन प्लास्टिक पर्यावरण में मिल गया है जिसमें से 60 लाख टन नदियों, तालाबों और सागरों में गया है। 'डाउन टू अर्थ' पत्रिका में रोहिणी कृष्णमूर्ति की रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया का सबसे बड़ा प्लास्टिक प्रदूषक बन गया है। यहां सालाना 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक निकलता है जो वैश्विक प्लास्टिक उत्सर्जन का लगभग पांचवां हिस्सा है। प्लास्टिक के बेहद महीन कण, माइक्रो प्लास्टिक के रूप में आज पूरी दुनिया में हावी हो चुके हैं। पृथ्वी पर मौजूद पानी का केवल कुछ हिस्सा लगभग 0.3 प्रतिशत ही पीने लायक है। भारत में जल प्रदूषण पहले से ही एक चिंता का विषय है, प्लास्टिक और कचरे के लीक होने से दुनिया का पानी खतरे में है। भूजल और जलाशय का पानी विषाक्त पदार्थों के रिसाव के कारण अतिसंवेदनशील है। यह न केवल पर्यावरण बल्कि इंसानी स्वास्थ्य और जैवविविधता के लिए बड़ा संकट है। समुद्री जीवन, मिट्टी की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य को खतरे में डालने के अलावा प्लास्टिक कचरा वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में 3 से 4 प्रतिशत का योगदान देता है। प्लास्टिक प्रदूषण अब नए चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। 'टॉक्सिओलॉजिकल साइंसेज' में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि प्लास्टिक के सूक्ष्म कण अब माता के गर्भाशय तक पहुंच गए हैं। यह अध्ययन अमेरिका स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मेक्सिको हेल्थ साइंसेज के वैज्ञानिकों ने किया है। साइंस पत्रिका में प्रकाशित शोध के प्रमुख लेखक सैमुअल पोटींगर के अनुसार यदि विश्व में प्लास्टिक उत्पादन पर प्रतिबंध नहीं लगाए गए तो 2050 तक प्लास्टिक प्रणाली से होने वाले वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 37 फीसदी की वृद्धि होगी। एक नए वैश्विक अध्ययन से पता चला है कि 2018 में दुनियाभर में दिल की बीमारी से हुई 3,56,000 से ज्यादा मौतों का संबंध प्लास्टिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले एक विशेष रसायन 'डाइ-2-एथाइलहेक्सिल फ्थेलेट (डीईएचपी)' से था। यह रसायन प्लास्टिक को लचीला बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इसे मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा माना जा रहा है। चिंता की बात यह है कि इस मामले में भारत की स्थिति सबसे ज्यादा खराब थी, जहां हृदय रोग से होने वाली 1,03,587 मौतों के लिए कहीं न कहीं यह केमिकल भी जिम्मेवार था। भारत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 देश में पर्यावरण की दृष्टि से स्वस्थ प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वैधानिक ढांचा प्रदान करता है। नियम शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक कचरे के संग्रह सहित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन करने का आदेश देता है। नियमों के तहत, शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है कि प्लास्टिक कचरे को खुले में न जलाया जाए। विश्व के लगभग 90 फीसदी समुद्री मछली भंडार का पूर्णतः दोहन हो चुका है, या उनका अत्यधिक दोहन हो चुका है। भारत के ऋषि - मुनि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है। इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है- 'वृक्षाद् वर्षति पर्जन्यः पर्जन्यादन्न सम्भवः ' अर्थात वृक्ष जल है, जल अन्न है, अन्न जीवन है। भारत में पेड़-पौधों, नदी-पर्वत, ग्रह-नक्षत्र, अग्नि-वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूपों के साथ मानवीय रिश्ते जोड़े गए हैं। पेड़ की तुलना संतान से की गई है तो नदी को मां स्वरूप माना गया है। परन्तु हमने इस सीख को भुलाकर विनाश का रास्ता पकड़ लिया है।

*(लेखक होम्योपैथिक चिकित्सक एवं जनस्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## शिवत्व की साधना



संकलित
दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित
प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक–आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप–2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा। इस प्रवृत्ति में समय के साथ स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों पर दबाव डालने और पीढ़ियों के जीवन की सामान्य गुणवत्ता को प्रभावित करने की क्षमता है। *– महेश साहू, बसना*

## ट्रेंड

### रक्षा साझेदारी की समीक्षा

ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी की समीक्षा की। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने में उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता हमारी रणनीतिक साझेदारी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है।
**-राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षामंत्री**



### अग्निवीरों का सम्मान

चार वर्ष की सेवा के उपरांत अग्निवीरों के ससम्मान समायोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व अग्निवीरों को राज्य की पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने एवं आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**



### सुरक्षित आश्रय बनाए

दिल्ली में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। चौक-चौराहों पर कैमरा नेटवर्क को दुरुस्त किया जा रहा है। 'सखी निवास' जैसे सुरक्षित आश्रय बनाए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं वहां ठहर सकें।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**



### बिहार कब बदलेगा

जिला मुजफ्फरपुर में दलित नाबालिग के साथ दुष्कर्म व उसके इलाज में देरी/लापरवाही से हुई मौत की ताजा घटना राज्य की भी बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता-जागता प्रमाण, जो अति-निन्दनीय एवं चिन्तनीय। बिहार कब बदलेगा?
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**



## करंट अफेयर

# पोलैंड की पीएम 11जून को करेगी विश्वासमत साबित

पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि उनकी सरकार संसद में 11 जून को विश्वास मत साबित करेगी। बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति चुनाव में उनके राजनीतिक सहयोगी और उदारवादी नेता के वारसॉ के मेयर करोल नवरोकी से हारने के बाद टस्क ने विश्वास मत का आह्वान किया। पोलैंड की राजनीतिक व्यवस्था में अधिकांश शक्ति संसद द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के पास होती है। यह राष्ट्रपति पद से अलग है, लेकिन राष्ट्रपति के पास कानूनों को वीटो करने की शक्ति है और नवरोकी की जीत से टस्क के लिए अपने यूरोपीय समर्थक एजेंडे को आगे बढ़ाना बेहद मुश्किल हो जाएगा। टस्क ने वारसॉ में कैबिनेट बैठक की शुरुआत में विश्वास मत साबित करने की तारीख की घोषणा की। टस्क ने कहा, 'नए राजनीतिक परिदृश्य में हम सत्र शुरू करने जा रहे हैं। नई राजनीतिक सच्चाई है। हमारे पास एक नए राष्ट्रपति हैं। लेकिन संविधान, हमारे दायित्व और नागरिकों की अपेक्षाएं नहीं बदली हैं। पोलैंड में, सरकार शासन करती है जो एक बड़ा दायित्व और सम्मान है।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समर्थित नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल त्राज्स्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले।



## ऑफ बीट

# क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है

डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है: यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ – और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है: रासायनिक सॉल्वैंट्स, तरल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), या विशेष फिल्टर वाला सादा पानी। इन सभी प्रसंस्करण विधियों में आवश्यक अतिरिक्त कदमों के कारण डिकैफ़ कॉफ़ी अक्सर अधिक महंगी होती है। अधिकांश डिकैफ़ कॉफी विलायक–आधारित तरीकों का उपयोग करके बनाई जाती है क्योंकि यह सबसे सस्ती प्रक्रिया है। यह विधि दो और प्रकारों में विभाजित है: प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष विधि में कॉफी बीन्स को भाप में पकाना और फिर उन्हें बार–बार एक रासायनिक विलायक (आमतौर पर मेथिलीन क्लोराइड या एथिल एसीटेट) में भिगोना शामिल है जो कैफीन से बंध जाता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# भारत के हमले में मार गिराए गए पाक वायुसेना के 6 लड़ाकू विमान संग और भी बहुत कुछ...

## यह जानकारी संघर्ष के बाद नुकसान को लेकर किए गए आकलन के जरिए सूत्रों ने दी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के जवाब में भारत की तरफ से की गई रक्षात्मक सैन्य कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। जिसमें उसके 6 लड़ाकू विमान, 2 उच्च मूल्य वाले निगरानी विमान, 10 से ज्यादा ड्रोन और एक सी-130 हरक्यूलिस परिवहन विमान शामिल है। जिसे भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने अपनी अचूक सैन्य कार्रवाई में मार गिराया। यह जानकारी संघर्ष के बाद किए गए नुकसान के आकलन को लेकर सूत्रों ने दी। जिसमें उन्होंने कहा कि संघर्ष के बाद किए गए अपने विश्लेषण से हमें ये पता चलता है कि पाकिस्तान की हवाई और जमीनी सैन्य संपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचा है। हवाई अभियान में पाकिस्तानी वायुसेना के 6 लड़ाकू विमान नेस्तनाबूद कर दिए गए। इन विमानों का पता लगाकर भारतीय हवाई रक्षा यूनिट ने इन्हें हवा से हवा में ही नष्ट कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 7 मई की देर रात भारत ने पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया था। जिसके जवाब में पाकिस्तान ने देश की पश्चिमी सीमा पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला बोला था। लेकिन बेहद चौकन्नी भारत की सशस्त्र सेनाओं ने दुश्मन के हर वार को नाकाम कर दिया।

### रडार ने पकड़ा, थर्मल सिग्नेचर से हुई पुष्टि



सूत्रों ने कहा कि पाक के लड़ाकू विमानों को मार गिराने की पुष्टि हमारे रडार द्वारा उन्हें पकड़ने और विमान के थर्मल सिग्नेचर के जरिए हुई है। जिसे भारत के ग्राउंड आधारित मिसाइल सिस्टम और अर्ली वार्निंग तंत्र ने पकड़ा था। एक बार पकड़े जाने की पुष्टि के बाद पाक के विमानों को तुरंत ढेर कर दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत और उसके बाद यानी 7 से 10 मई तक भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख बड़े मूल्य वाले सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया। इसमें इलेक्ट्रॉनिक काउंटर मेजर प्लेटफार्म या अवाक्स विमान शामिल था। जिन्हें देश के लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम एस-400 हवाई मिसाइल प्रणाली (सुदर्शन चक्र) के जरिए करीब 300 किलोमीटर की दूरी से निशाना बनाया गया। पाक के एक अन्य अवाक्स विमान जो कि स्वीडिश मूल का था और उनके भुलारी एयरबेस पर तैनात था। उसे भारत ने हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल से निशाना लगाकर मटियामेट किया। सैटेलाइट से मिलीं तस्वीरों से ये पता चलता है कि एयरबेस का हैंगर भारत के हमले में पूरी तरह से तबाह हो गया था।

### ड्रोन स्ट्राइक से मार गिराया सी-130 विमान

सूत्रों ने कहा, एक अन्य अभियान में पाकिस्तान की वायुसेना के सी-130 हरक्युलिस विमान को लक्षित ड्रोन हमले से नष्ट किया गया। इस विमान का दुश्मन ने लॉजिस्टिक्स सहायता के लिए उपयोग किया था। भारत और पाक तनाव के बीच यह विमान मुल्तान के पास एक एयरबेस से ऑपरेट कर रहा था। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तानी मानवरहित सिस्टम पर भी सटीक हमले किए। अभियान में राफेल और सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमानों का प्रयोग किया गया। चीनी मूल के एक हैंगर जिसमें पाकिस्तान ने अपने सदाबहार मित्र (चीन) से खरीदे हुए विंग लूंग सीरीज वाले मध्यम-अधिक ऊंचाई पर उड़ने में सक्षम कई सारे ड्रोन रखे थे। एक सिंगल हमले में ऐसे 10 मानवरहित विमानों, ड्रोन को मटियामेट किया गया। संघर्ष के दौरान भारतीय हवाई क्षेत्र में घुसपैठ कर पहुंच रहे ड्रोन को भी भारतीय हवाई रक्षा यूनिटों ने मार गिराया गया। ये कार्रवाई जम्मू-कश्मीर और राजस्थान सेक्टर में मुख्य रूप से की गई थी।

---

## कहावत, नया मुल्ला ज्यादा प्याज खाता है के जरिये त्रिवेदी ने साधा निशाना

# भाजपा ने राहुल से कहा, आपकी पार्टी और आपके खानदान के कारनामे हैं सरेंडर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के सरेंडर वाले बयान पर पलटवार किया। सांसद और पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि राहुल गांधी आपको सरेंडर करना होगा।

पीओके क्यों सरेंडर कर दिया? आप, आपकी पार्टी और आपके खानदान के कारनामे सरेंडर है, कैलेंडर में। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक शेर की तरह हैं, भारत मां के शेर हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने हिंदी की एक कहावत का जिक्र करते हुए राहुल गांधी पर देश के आत्मसम्मान और सेना के शौर्य का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हिंदी में एक कहावत है- नया मुल्ला ज्यादा प्याज खाता है, लेकिन यहां गैर मुल्ला इस कदर प्याज खाने में लगा है कि उसे एहसास ही नहीं कि वह इस देश के आत्मसम्मान और सेना के शौर्य का कितना बुरा अपमान कर रहा है।

ज्ञात हो कि राहुल गांधी ने भोपाल में पार्टी की एक सभा में भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक फोन आया और पीएम नरेंद्र मोदी ने तुरंत सरेंडर कर दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी-आरएसएस का करैक्टर है कि वो हमेशा झुकते हैं।

### राहुल पाकिस्तान के लोगों, सेना और आतंकी संगठनों को कवर फायर दे रहे



त्रिवेदी ने कहा कि अब तक कांग्रेस के नेता पाकिस्तानी मीडिया में सुर्खियां बटोरते थे और उनके बयानों को पाकिस्तानी संसद में कोट किया जाता था, लेकिन राहुल गांधी ने पहली बार ऐसी बात कही है जो पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने भी नहीं कही, न ही किसी पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन ने कही। उन्होंने आगे कहा, यहां तक कि मसूद अजहर या हाफिज सईद ने भी ऐसी बात नहीं कही। उनमें से किसी ने भी यह नहीं कहा कि भारत ने सरेंडर किया, मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं, क्या वह इन लोगों से एक कदम आगे निकलना चाहते हैं? अब तक, वह पाकिस्तान के लोगों, पाकिस्तानी सेना और आतंकवादी संगठनों को कवर फायर दे रहे थे। क्या वह अब उनके नेता बनने की कोशिश कर रहे हैं?

# नड्डा का तंजः आतंकवादियों ने जो शब्द नहीं बोले, वो इन्होंने बोले

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक 'पोस्ट' में कहा, 'राहुल गांधी आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है, लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता। आत्मसमर्पण आपकी कांग्रेस पार्टी के शब्दकोष में है, आपके डीएनए में है।

भाजपा प्रमुख ने कहा, आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में टेबल पर आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते में आत्मसमर्पण किया, हाजी पीर दर्रा का आत्मसमर्पण किया, छम्ब सेक्टर के 160 किमी इलाके का आत्मसमर्पण किया, 1962 की लड़ाई में आत्मसमर्पण किया, 1948 में आत्मसमर्पण किया और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य एवं पराक्रम को 'आत्मसमर्पण' कहकर संबोधित करना, न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि भारतीय सेना और राष्ट्र के साथ-साथ 140 करोड़ भारतवासियों का भी घोर अपमान है।

**देश**
**बहादुर सेना और भारतीयों का अपमान कर रही कांग्रेस**



राहुल के बयान पर सियासी उबाल

### राहुल गांधी ने क्या कहा था?

राहुल गांधी ने अपने भोपाल में एक कार्यक्रम में भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'नरेंदर सरेंडर' कहकर संबोधित किया था। उन्होंने भोपाल में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक इशारे पर प्रधानमंत्री मोदी झुक गए। उन्होंने कहा था कि भाजपा-आरएसएस पर थोड़ा दबाव डालो तो ये डरकर भाग जाते हैं। ट्रंप ने एक इशारा किया और नरेंद्र मोदी ने झुककर बात मान ली। उनके इस बयान पर अब भाजपा हमलावर हो गई है।

### नड्डा ने चुटकी ली पूछा... क्यों ऐसा ही है न राहुलजी

नड्डा ने कहा, भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुस कर उसके 11 एयरबेस को तबाह किया, 9 आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, 150 से ज्यादा आतंकी मारे। पाकिस्तान तो रोते-रोते दुनिया को बता रहा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 18 जगह हमला करके सब कुछ तबाह कर दिया और राहुल गांधी देश के आत्मसमर्पण की बात कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की घोषणा सरकार ने या भाजपा के किसी प्रवक्ता ने नहीं की थी, बल्कि भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने की थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेना की वीरता, शौर्य एवं पराक्रम का उद्घोष है। वास्तव में जिनकी नीतियां आत्मसमर्पण की रही हो, उसे इसके आगे कुछ सूझ भी नहीं सकता - क्यों, ऐसा ही है न राहुल गांधी जी?

---

## चीन ने भारत का पानी रोका तो विरोध तो भारत को सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान के लिए क्यों रोकना चाहिए? एफ-35 अमेरिका से क्यों लेने चाहिए?

# कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेडा ने मोदी सरकार की विदेशी नीति को कहा पूरी तरह फेल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेडा ने पत्रकारों से बातचीत में मोदी सरकार पर एक के बाद एक कई कटाक्ष किये। उन्होंने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के



बार-बार दावे - 21 दिनों में 11 - कि अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के लिए हस्तक्षेप किया, यह दर्शाता है कि कैसे मोदी सरकार ने भारत के हितों को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि 23 मई, 2025 को, संयुक्त राज्य अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड डब्ल्यू. लुटनिक ने संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायालय में एक हलफनामा दायर किया, जिसमें दावा किया गया कि भारत पाकिस्तान के बीच युद्धविराम केवल राष्ट्रपति ट्रम्प के हस्तक्षेप के बाद ही हुआ और दोनों देशों को पूर्ण पैमाने पर युद्ध को टालने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार करने की पेशकश की। उन्होंने स्टील पर टैरिफ से लेकर टेस्ला द्वारा 'मेक इन इंडिया' में शामिल न होने तक, एलन मस्क को लुभाने के बावजूद, स्टारलिंक को प्राप्त करने से, जो राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं से जुड़ा है, पहले व्यापार सौदे पर बातचीत करने में सक्षम नहीं होने से, और ट्रम्प के आश्वासन के बावजूद, अमेरिका में कई उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय यात्राओं के बावजूद, चीन को पहले मिल गया। हम विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से फेल हो रहे हैं।

### रूस ने साथ छोड़ा

रूस के साथ भारत की मित्रता की याद दिलाते हुए पवन खेडा ने कहा कि दशकों से हमारा पुराना मित्र, रूस अब पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति करने लगा है। कुवैत ने लंबे समय के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा फिर से शुरू कर दिया है और पाकिस्तान के साथ श्रम समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप दे रहा है। पाकिस्तान- वैश्विक आतंक का कारखाना अब बहिष्कृत नहीं रहा। मालदीव और नेपाल जैसे पड़ोसी राष्ट्रों के साथ भी अब भारत के रिश्ते सामान्य नहीं रहे।

### मस्क ने जिसे 'जंक' कहा उसे क्यों खरीदा

पवन खेडा ने बताया कि इस साल फरवरी में हमने देखा कि कैसे पीएम मोदी के प्रिय 'नमस्ते ट्रंप' ने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के रखरखाव के लिए 357 मिलियन डॉलर देने का फैसला किया। एक तरफ अमेरिका पाकिस्तान के स्वामित्व वाले एफ-16 के रखरखाव के लिए पैसे दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ ट्रंप ने भारत को एफ-35 बेच कर करारा झटका दिया है। सामरिक विशेषज्ञों का कहना है कि एफ-16, एफ-35 की तुलना में हवाई लड़ाई में बेहतर हैं। यहां तक कि एलन मस्क ने भी उन्हें 'जंक' कहा था। कांग्रेस प्रवक्ता ने हैरानी जताते हुए कहा कि 6 साल में पहली बार भारत को जी-7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित नहीं किया गया है। जब शिखर सम्मेलन की मेजबानी कनाडा कर रहा है। कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि इस सरकार की पूरी विदेश नीति भारत के सामरिक और आर्थिक हितों के बजाय एक व्यक्ति पर केंद्रित है।

### चीन ने पानी रोका तो हंगामा पाकिस्तान का पानी रोका तो ठीक?

चीन के वरिष्ठ नीति सलाहकार के भारत को ब्रह्मपुत्र का पानी रोकने की धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए पवन खेडा ने कहा, दूसरों के साथ वैसा न करें जैसा आप अपने साथ नहीं चाहते। चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध-वाटर बम भी बना रहा है, जिससे हमारी जल और पर्यावरण सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। पिछले दो महीनों से चीन ने भारत को दुर्लभ मृदा सामग्री का आयात बंद कर दिया है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। चीन ने भारत के खिलाफ अपने हथियार मुहैया कराकर ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की मदद की। अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नाम बदलने में चीन आदतन अपराधी रहा है। इसने 21 अप्रैल, 2017 को 6 जगहों का नाम बदला, 30 दिसंबर, 2021 को 15 जगहों का नाम बदला, अगस्त 2023 में 11 जगहों का नाम बदला, अप्रैल 2024 में 30 जगहों का नाम बदला और मई 2025 में 27 जगहों का नाम बदला। जबकि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है। 19 जून, 2020 को पीएम मोदी ने चीन को पाक दामन साफ करार दिया था। गलवान में हमारे 20 बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान। इसने हमारी रणनीतिक सीमाओं पर चीन की विस्तारवादी प्रकृति को बढ़ावा दिया है। भले ही विदेश मंत्री का दावा है कि लद्दाख सीमा पर विघटन हुआ है, लेकिन क्या यह सच नहीं है कि देपसांग, डेमचोक, हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा में कुछ पेट्रोलिंग प्वाइंट्स अभी भी चीन के कब्जे में हैं? रिपोर्टों और उपग्रह चित्रों के अनुसार, चीन बांग्लादेश में सिलीगुड़ी से सिर्फ 200 किलोमीटर दूर लालमोनिरहाट में एक सैन्य हवाई अड्डा बना रहा है। लेकिन मोदी सरकार ने लगभग चुप रहना ही पसंद किया है।

---

# एक लाख रुपये रिश्वत लेते सीबीआई ने दबोचा रेलवे के जूनियर इंजीनियर को

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में उत्तर मध्य रेलवे के एक जूनियर इंजीनियर को 1 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए बुधवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के एक मामले में की गई, जिसमें इंजीनियर ने एक निजी कंपनी से बिल पास करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। आरोपी एक जूनियर इंजीनियर है, जो उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज डिवीजन के टेलीकॉम विंग में तैनात था। गिरफ्तारी यूपी के मैनपुरी जिले में हुई। जूनियर इंजीनियर ने एक निजी कंपनी से 20 लाख रुपये के बिल पास करने के लिए 4 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। यह कंपनी फरुखाबाद और सिकोहाबाद रेलवे स्टेशनों के बीच केबल बिछाने का काम कर रही थी। आरोपी ने पहले 4 लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन पहली किश्त के रूप में 1 लाख रुपये लेते हुए उसे पकड़ा गया। सीबीआई को निजी कंपनी की ओर से शिकायत मिली थी कि जूनियर इंजीनियर ने उनके बिल पास करने के लिए रिश्वत की मांग की और न देने पर बिल रोकने की धमकी दी। इसके आधार पर सीबीआई ने एक दिन पहले मंगलवार को मामला दर्ज किया। शिकायत के बाद, सीबीआई ने एक जाल (ट्रैप) तैयार किया और 4 जून 2025 को आरोपी को 1 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद, सीबीआई ने मैनपुरी में आरोपी के आवास और कार्यालय पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज और सामग्री बरामद की गई, जिनकी जांच की जा रही है। सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है, जो सार्वजनिक सेवक द्वारा रिश्वत मांगने और लेने से संबंधित है।

---

## न्यायाधीश वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर सभी दलों को एकजुट करने की तैयारी

# रिजिजू बोले, न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दे पर अलग राजनीतिक रुख अपनाने की कोई गुंजाइश नहीं

## कहा, हम पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला है और इसलिए इस मुद्दे पर अलग राजनीतिक रुख अपनाने की कोई गुंजाइश नहीं है। रिजिजू ने यह भी कहा कि हम एकजुट रुख अपनाना चाहेंगे। मंत्री ने कहा कि संसद को इस मामले पर चर्चा करने और आगे बढ़ने के लिए एक साथ आना होगा। इसलिए, मैं सभी राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बनाने की कोशिश कर रहा हूं और मैंने प्रमुख नेताओं के साथ चर्चा शुरू कर दी है और मैं सभी से संपर्क करूंगा। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति वर्मा को उस समय से आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है जब उनके आवास पर आग लगने के बाद कथित तौर पर जली हुई नकदी का ढेर पाया गया था।

### पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयारः रिजिजू

रिजिजू ने कहा कि सरकार का मत है कि संसद के आगामी मानसून सत्र के दौरान विपक्ष अगर नियमों के तहत चर्चा की मांग करता है, तो हम पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए तैयार हैं। विपक्ष पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाक के बीच मध्यस्थता पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और सीडीएस अनिल चौहान के भारतीय जेट गिरने पर सिंगापुर में दिए बयान पर चर्चा की मांग कर रहा है।

---

## तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ

# केंद्र सरकार दिखाएगी 11 वर्षों की रिपोर्ट कार्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



विकसित भारत का अमृत काल और सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के जरिए भारत में बदलाव के 11 वर्ष जैसे व्यापक विषयों के साथ केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बुधवार को 72 सदस्यीय मंत्रिपरिषद की बैठक करेगी। उसके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए योजनाओं की शुरुआत की जाएगी। प्रमुख मंत्रालय पिछले 12 महीनों के साथ-साथ 11 वर्षों की अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। 18वीं लोक सभा के लिए चुनाव नतीजे की घोषणा 4 जून को की गई थी जब प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद ने 9 जून को पद की शपथ ली थी। पत्र सूचना कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, सरकार की 11 साल की उपलब्धियों वाली पुस्तिकाएं और पर्चे देश भर में वितरित किए जाएंगे। रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के संवाददाता सम्मेलन के साथ ही तमाम मंत्री एवं भाजपा पदाधिकारी देश भर में संवाददाता सम्मेलन करेंगे। प्रधानमंत्री 9 जून को विदेश दौरे पर गए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के साथ बातचीत भी करेंगे।

---

## जयराम रमेश का हमला

# विशेष सत्र न सही, मॉनसून सत्र में सवालों की 'बारिश' से बच नहीं सकेगी मोदी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी ने बेहद रणनीतिक तरीके इस बार संसद के बाहर भाजपानीत केंद्र सरकार को घेरा। पहले एआईसीसी संचार विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश ने संसद के मॉनसून सत्र की घोषणा 47 दिन पहले करने पर हैरानी जतायी। उन्होंने कहा ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। जयराम का मानना है कि यह निर्णय मोदी सरकार ने केवल इसलिए लिया है ताकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और इंडिया गठबंधन द्वारा बार-बार उठाई जा रही तत्काल विशेष बैठक की मांग से बचा जा सके।

विदित हो कि संसदीय मॉनसून सत्र की घोषणा 21 जुलाई से 12 अगस्त तक के लिए कर दी गई है। यही वजह है कि कांग्रेस सहित इंडिया ब्लॉक के विभिन्न दलों ने संसद की एक तत्काल बैठक बुलाकर राष्ट्रीय महत्व के गंभीर मुद्दों पर चर्चा की आवश्यकता जताई है। जिसमें पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमलों के लिए जिम्मेवार आतंकवादियों को अब तक न्याय के कटघरे में लाने में विफलता। ऑपरेशन सिंदूर के प्रभाव और उसके बाद उत्पन्न हालात। ऑपरेशन सिंदूर का स्पष्ट राजनीतिकरण। सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ द्वारा किए गए अहम खुलासे। भारत को पाकिस्तान के साथ एक ही श्रेणी में रखे जाने की गंभीर और चिंताजनक कूटनीतिक स्थिति। पाकिस्तान की वायुसेना में चीन की गहरी और खतरनाक घुसपैठ के स्पष्ट प्रमाण। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता को लेकर बार-बार किए जा रहे दावे। विदेश नीति और कूटनीतिक स्तर पर सरकार की लगातार होती विफलताएं।

---

## आरोपी दिव्यांग, हिसार में कॉमन सर्विस सेंटर चलाता है

# 'चाइल्ड पॉर्न' और बाल शोषण, बलात्कार मामले में हिसार से धरा सोमबीर को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 4 जून 2025 को हरियाणा के हिसार जिले में एक व्यक्ति को नाबालिग लड़कियों के खिलाफ बलात्कार, यौन शोषण और बाल यौन शोषण सामग्री के निर्माण, संग्रहण, और वितरण के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सोमबीर बताया गया है, जो एक दिव्यांग व्यक्ति है। हिसार में कॉमन सर्विस सेंटर चलाता है। आरोपी पर नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार, यौन शोषण, धमकी देने और उनके अश्लील वीडियो/तस्वीरें बनाने, संग्रह करने, और इंटरनेट पर अपलोड करने का आरोप है। यह अपराध कई वर्षों से चल रहा था। आश्चर्यजनक पहलू समूचे केस का ये है कि सीबीआई ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। किसी पीडित परिवारों ने केस दर्ज नहीं करायी थी। सीबीआई ने 29 मई 2025 को इस मामले में केस दर्ज किया था। 3 जून 2025 को आरोपी के आवास पर छापेमारी की गई, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई, जो कई पीड़ितों की पहचान में मददगार साबित हुई।

### इंटरपोल और गूगल की भूमिका

सीबीआई ने इंटरपोल के इंटरनेशनल चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लॉइटेशन डेटाबेस और गूगल द्वारा भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर को दी गई साइबर टिपलाइन रिपोर्ट्स का उपयोग करके इस सामग्री का पता लगाया। साइबर फोरेंसिक टूल्स के विश्लेषण से हिसार में अपराध स्थल की पहचान हुई। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज जैसे मोबाइल, लैपटॉप, और अन्य उपकरण बरामद किए, जिनमें बाल यौन शोषण सामग्री थी। इन उपकरणों ने कई पीड़ितों की पहचान करने में मदद की। आरोपी न केवल इस सामग्री को बनाता और अपलोड करता था, बल्कि वह इंटरनेट पर ऐसी सामग्री सर्च, संग्रह, और शेयर भी करता था।

### 4 जून को किया गया गिरफ्तार

29 मई को सीबीआई ने भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत बाल यौन शोषण सामग्री के निर्माण, भंडारण, और वितरण से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया। 3 जून को छापेमारी के बाद 4 जून यानी आज आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पीड़ितों ने डर या सामाजिक कारणों से कोई शिकायत दर्ज नहीं की थी, जिसके कारण यह मामला लंबे समय तक सामने नहीं आया। सीबीआई इस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि अन्य संभावित पीड़ितों और नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

# एनवीडिया फिर बनी दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी, माइक्रोसाफ्ट छूटी पीछे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट को एक बार फिर चिप कंपनी एनवीडिया ने पछाड़ दिया है और अब यह दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। रिपोर्ट के मुताबिक इक्विटी कारोबार में एनवीडिया के शेयर 3 प्रतिशत उछलकर 141.40 डॉलर पर पहुंच गई। शेयरों की इस तेजी के साथ एआई चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी का मार्केट कैप 3.45 ट्रिलियन डॉलर यानी 3.45 लाख करोड़ पर पहुंच गया। हालांकि माइक्रोसॉफ्ट भी बहुत पीछे नहीं है और इसका मार्केट कैप 3.44 ट्रिलियन डॉलर है। यह एनवीडिया की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता में एक और मील का पत्थर है, क्योंकि कंपनी एआई हार्डवेयर क्षेत्र में अपना दबदबा बनाए हुए है। एक महीने में इसके शेयर करीब 24 प्रतिशत ऊपर चढ़े हैं।

## इक्विटी कारोबार में कंपनी के शेयर तीन प्रतिशत उछले

### कैसा है कारोबारी सेहत?

एनवीडिया को वर्ष 1993 में गेमिंग के लिए ग्राफिक चिप्स बनाने के लिए शुरू किया गया था। फिर एआई क्रांति ने इसे सिलिकॉन बैकबोन बना दिया। इसका जीपीयू कभी 3डी इमेज पेश करने के लिए डिजाइन किया गया था लेकिन अब यह पैरेलल डेटा प्रोसेसिंग के लिए अहम टूल बन गया है जो एआई के लिए काफी अहम है। अब एआई चिप कंपनी के कारोबारी सेहत की बात करें तो वित्त वर्ष 2026 (फरवरी-जनवरी) की पहली तिमाही फरवरी-अप्रैल 2025 में कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 69.18 प्रतिशत उछलकर 4406.2 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।




### एनवीडिया की तेजी को एआई दे रहा सपोर्ट

एनवीडिया की धमाकेदार ग्रोथ की वजह एआई चिप्स हैं जिनकी मांग बेतहाशा बढ़ रही है। इसका इस्तेमाल ओपनएआई के चैटजीपीटी से लेकर माइक्रोसॉफ्ट, मेटा, गूगल, एमेजॉन, ओरेकल और एलॉन मस्क के एक्स एआई के लिए अहम एआई इंफ्रा में इसी की चिप का इस्तेमाल होता है। ये कंपनियां भारी-भरकम कंप्यूटिंग क्लस्टर्स बनाने के लिए अरबों डॉलर लगा रही हैं।

### दो साल से चल रही पहले स्थान की लड़ाई

एनवीडिया पहली बार दुनिया की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी नहीं बनी है। इससे पहले पिछली बार एआई चिप कंपनी ने 24 जनवरी को यह उपलब्धि हासिल की थी। आईफोन बनाने वाली एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट के साथ पहले स्थान की जंग तो वर्ष 2023 के मध्य से ही चल रही है।

## शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थमी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 78 अंक की तेजी आई। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में रोजगार के उम्मीद से बेहतर आंकड़ों तथा अमेरिका और चीन के राष्ट्रपति के बीच इस सप्ताह व्यापार वार्ता पर बातचीत के कारण भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक की तेजी के साथ 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 77.70 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) 3.32 प्रतिशत के लाभ में रही। इसके अलावा भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं।

## मिलने वाली राशि आतंकवाद के वित्तपोषण में उपयोग से भारत चिंतित

# भारत ने एडीबी से पाकिस्तान को मिलने वाली वित्तीय सहायता पर कड़ा विरोध जताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने बहुपक्षीय संस्थानों से पाकिस्तान को मिलने वाली राशि आतंकवाद के वित्तपोषण और रक्षा क्षेत्र में इस्तेमाल किए जाने को लेकर चिंता जताते हुए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से पड़ोसी देश को दी जाने वाली किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता पर कड़ा विरोध जताया है।

सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एडीबी ने हाल ही में पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के आर्थिक पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि पाकिस्तान की राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है।

### सलाहकार मंत्री ने भी दी गारंटी

वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने एक बयान में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है।

### सीमापार आतंकवाद को बढावा

सूत्र ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की मौजूदा शासन प्रणाली को लेकर भी कड़ी आपत्ति जताई है, जो क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए लगातार गंभीर खतरा बनी हुई है। सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा देने की इसकी नीति ने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को खराब कर दिया है और पाकिस्तान के लिए व्यापक आर्थिक जोखिम को काफी हद तक बढ़ा दिया है, जिससे एडीबी के लिए भी उद्यम जोखिम बढ़ गया है।




### एफएटीएफ की सिफारिशें लागू करने में ढीला रवैया

भारत ने वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की सिफारिशों को लागू करने में पाकिस्तान के ढीले रुख को भी सामने रखा है। सूत्र ने कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण की जांच और संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी सरगनाओं के अभियोजन और आपराधिक संपत्तियों को जब्त करने के मामले में प्रगति असंतोषजनक है।

- एडीबी ने पाक के लिए 80 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज मंजूर किया
- राशि पाक को वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही
- पाकिस्तान के कर संग्रह में 13 फीसदी की गिरावट दर्ज

### पाक के रक्षा खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि

दूसरी तरफ, इसी अवधि में इसके रक्षा खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सूत्र ने कहा, ''ये आंकड़े बताते हैं कि पाकिस्तान को विशेष रूप से जो राशि नीति-आधारित कर्ज के रूप में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से मिलती है, उसका उपयोग विकास कार्यों की जगह रक्षा व्यय बढ़ाने में किया जाता है।''

*कार्यान्वयन पर एडीबी नजर रखेंगा : भारत ने उम्मीद जताई है कि एडीबी वांछित नतीजे हासिल करने के लिए नीतियों के कार्यान्वयन पर करीबी नजर रखेगा। 2017-18 में 13 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2022-23 में 9.2 प्रतिशत रह गया है ।*

### आर्थिक मामलों का ट्रैक रिकॉर्ड दर्ज

पाकिस्तान के आर्थिक मामलों में सेना का दखल बढ़ा है। दूसरी तरफ उसके विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का 'ट्रैक रिकॉर्ड' अच्छा नहीं है। इससे नीतिगत चूक और सुधारों की स्थिति बिगड़ने का जोखिम है। पूर्व में भी ऐसा देखने को मिला है। यहां तक कि नागरिक सरकार के सत्ता में होने पर भी सेना घरेलू राजनीति में एक बड़ी भूमिका निभाती है और अर्थव्यवस्था में अपनी पैठ बढ़ाती है।

### पाक में नीतिगत सुधार एडीबी द्वारा संचालित

इसके अलावा, पिछले कई वर्षों में पाकिस्तान में नीतिगत सुधार मुख्य रूप से एडीबी सहित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से बाहरी समर्थन द्वारा संचालित किए गए हैं। बाहरी समर्थन पर बहुत अधिक निर्भरता स्थानीय स्वामित्व को कमजोर करती है और निर्भरता का एक चक्र बनाती है।

## चांदी में 1900 रुपए का उछाल, सोना मजबूत

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के संकेतों के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 260 रुपये बढ़कर 99,260 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं के साथ-साथ आर्थिक चिंताओं और भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण बुधवार को सोने में थोड़ा सकारात्मक रुख दिखा, जिससे सुरक्षित निवेश के रूप में इस बहुमूल्य धातु की अपील को समर्थन मिला।''बुधवार को चांदी की कीमत भी 1,900 रुपये के उछाल के साथ 1,02,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। इससे पूर्व के कारोबारी सत्र में चांदी 1,00,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 9.43 डॉलर या 0.28 प्रतिशत बढ़कर 3,362.6 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## रुपया 29 पैसे टूटकर 85.90 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 29 पैसे टूटकर 85.90 पर बंद हुआ। जोखिम से बचने की धारणा और विदेशी कोषों की निकासी के कारण रुपये में गिरावट आई। रूस-यूक्रेन के बीच भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण रुपये पर दबाव रहा।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी मुवक्किला राज रानी पत्नी स्व.राधे श्याम निवासी GH-6/48, पश्चिम विहार, मीरा बाग, नई दिल्ली–110087 ने अपने पुत्र नीरज कुमार उप्पल व उसकी पत्नी ज्योति तथा उनके पुत्र आर्यन व पुत्रियां निधि, जैसमीन को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है व अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिए है। भविष्य में उनका किसी से किसी भी प्रकार का कोई भी लेन देन होगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होंगे मेरी मुवक्किल व उसका परिवार उनके किसी भी कार्य के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

ROHIT YADAV (Advocate)
Ch. 402 Civil Wings Tishazari, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

I, Dhananjai Tripathi S/o Sh. Beni Madhow Tripathi R/o House No. 210, First Floor MIG Flats, BKD, KD Pitampura, North West Delhi 110034 booked a flat/unit No 0202 Tower E2 Project Eco Village-2 as main applicant and my wife Late Smt. Sunita Tripathi was as co-applicant. After her death, I requested to M/s Supertech Limited to transfer the said flat to on my daughter's name Ms. Malvika Tripathi as a first co-applicant & Ms. Shilpi Tripathi as a second co-applicant and I'll be the main applicant as it is. If anybody has any objection, he/she may contact M/s Supertech Limited office at Supertech E-Square, Plot No C2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh, India 201303 within 10 days.

**सूचना**

जीतू महतो रोल नंबर - 1933233003, मेरी टूल एंड डाई मेकिंग डिप्लोमा 3rd सेमेस्टर की डिग्री खो गई है. कृपया अगर किसी को मेरी यह मार्कशीट मिले तो इस (9599430897) पर संपर्क करें।
नाम- जीतू महतो
पिता का नाम-हीरालाल महतो
घर का पता-D-727 प्रताप विहार पार्ट-2, किराड़ी सुलेमान नगर, नांगलोई नई दिल्ली-110086
विश्वविद्यालय का नाम- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ टूल इंजीनियरिंग

**PUBLIC NOTICE**

(E-Notice) Due on 01/08/2025
IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE OF BOMBAY
BENCH AT AURANGABAD
(APPELLATE SIDE, CIVIL JURISDICTION)
CIVIL APPLICATION NO. 6567 OF 2024
IN FIRST APPEAL STAMP NO. 15905 OF 2024
M.A.C.P. No.58/2015 Passed by The Member, Motor Accident Claims Tribunal, At Kopargaon Dist. Ahmednagar
National Insurance Co. Ltd. Ahmednagar Through its Authorized Official National Insurance Company Ltd. Aurangabad ..Appellant/
V/S
Radha Narayan Patil and ors ...Respondent/
To, R. No. 6) Vinod Kumar Goyal, C/o M/s. Goyal TPT, Corporation 2nd Floor, 56 TPT, Centre N.S. Mandi, Azad Pur, Dist. North West Delhi, Delhi, Pin Code-110033.
(The memo copy is emailed alongwith this notice in attached seperate PDF file)
Whereas the Applicant above named has presented an application to this Court praying for relief as stated in the accompanying copy of the application, and whereas the same has been registered in this Court as Civil Application, and this Court has ordered on 28th day of March 2025 notice to issue, take notice that the hearing of the said Application will take place on 01st day of August 2025 and that if no appearance is made on your behalf, either in person or by an Advocate of this Court or an Agent duly authorized and instructed by you, will be heard and determined in your absence.
Witness The Hon'ble Shri. Alok Aradhe, Chief Justice at Bombay aforesaid this 28th day of March 2025.
SEAL
By the Court
For Deputy Registrar
This 28th day of March, 2025.

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नितिन यादव, पुत्रः रामेश्वर यादव, पताः 29/17, गली नं. 6, लिबासपुर दिल्ली, समयपुर बादली आउटर नॉर्थ, दिल्ली** ने **FIR No. 411/2023, U/s 279/337 IPC, पुलिस थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नितिन यादव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नितिन यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 411/2023, U/s 279/337 IPC, पुलिस थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अभियुक्त **नितिन यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.07.2025** या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
उत्तरी जिला, कमरा नं. 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/6896/RD/2025

## एचआर के दिग्गज गलगोटिया में आयोजित ऐतिहासिक सम्मेलन में हुए एकजुटः परिसंवाद 2.0 ने स्थापित किए नए बेंचमार्क

**नोएडा।** विचार नेतृत्व और उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत एक और बेंचमार्क स्थापित करते हुए गलगोटिया युनिवर्सिटी ने अपने महत्वपूर्ण सम्मेलन परिसंवाद के दूसरे संस्करण का आयोजन किया, जिसमें देश भर से प्रभावशाली एचआर लीडरों, व्यापक रणनीतिज्ञों एवं उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन ने शुरूआती करियर के अनुभव को परफोर्मेन्स उन्मुख यात्रा में बदलने के लिए चर्चा हेतु मंच उपलब्ध कराया। चर्चा के दौरान उद्योग जगत की ज़रूरतों के अनुसार अकादमिक लर्निंग तथा नई पीढ़ी के कार्यबल की महत्वाकांक्षाओं एवं मूल्यों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।सम्मेलन में जानी-मानी कंपनियों जैसे थॉटवर्क्स, फिलिप्स, केपीएमजी इंडिया, एटलन, बजाज फिनसर्व और नुबर्ग इंजीनियरिंग के लीडर्स एक मंच पर इकट्ठा हुए, जिन्होंने कार्यस्थलों के बदलते रूझानों, कर्मचारियों की बदलती उम्मीदों पर विचार रखे। उन्होंने इस विषय पर भी विचार-विमर्श किया कि किस तरह से आज की टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड दुनिया में कंपनियों को प्रत्यास्थ एवं लोगों के अनुकूल बनाए रखा जा सकता है।

## एलन के राजित गुप्ता ऑल इंडिया रैंक-1, टॉप-10 में एलन कोटा के 4 स्टूडेंट्स

**नई दिल्ली।** आईआईटी कानपुर द्वारा जारी जेईई एडवांस्ड 2025 के परिणामों में एलन दिल्ली के स्टूडेंट्स ने सफलता प्राप्त की है। एलन वाइस प्रसीडेंट पंकज अग्रवाल ने बताया कि एलन दिल्ली के सौम्य मालीवाल ने एआईआर-84 प्राप्त की है। इसके साथ ही समृद्ध दहिया ने आल इंडिया रैंक 111, ध्रुव ने 128 रैंक प्राप्त की है। संस्थान से टॉप-300 में 6, टॉप-1000 में 14 और टॉप-2000 में 34 स्टूडेंट्स का चयन सुनिश्चित हुआ है। एलन दिल्ली से 350 स्टूडेंट्स काउंसलिंग के लिए क्वालीफाई हुए हैं। नेशनल रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि एलन ने आल इंडिया टॉपर के साथ टॉप-10 में 4 रैंक दी है। कोटा ने लगातार दूसरे वर्ष क्लासरूम प्रोग्राम से आल इंडिया टॉपर दिया है। एलन क्लासरूम स्टूडेंट राजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है।



## स्कोडा ट्यूब्स का निर्गम 140 रुपए पर ही सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील ट्यूब और पाइप विनिर्माता स्कोडा ट्यूब्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 140 रुपये के बराबर ही बाजार में बुधवार को सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर शेयर ने 140 रुपये पर ही कारोबार की शुरुआत की। बाद में, बीएसई पर शेयर 4.96 प्रतिशत चढ़कर 146.95 रुपये पर जबकि एनएसई पर पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ 147 रुपये पर पहुंच गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख–सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## गुरुग्राम चैप्टर की प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

गुरुग्राम। **The institute of Cost Accountants of India** गुरुग्राम चैप्टर की वार्षिक आम बैठक (**Annual General Meeting - AGM**) आज सफलता पूर्वक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में समिति के सदस्यों सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं पूर्व पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। बैठक के उपरांत चैप्टर की नई प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गयाः अध्यक्षः सीएमएनिखिलअग्रवाल, उपाध्यक्षः सीएमएसंदीपकुमारयादव, सचिवः सीएमएरूपसिंह, संयुक्तसचिवः सीएमए रेनू सिंघानिया, कोषाध्यक्षः सीएमए राकेश खंडेलवाल।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सीएम राकेश कुमार ने भी बैठक में उपस्थित होकर सदस्यों का मार्गदर्शन किया

## अखिल भारतीय समाज सुधारक संगठन ने अपने विस्तार की दिशा में कदम उठाया

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय समाज सुधारक महापंचायत संगठन ने अपने विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. जिसमें नव नियुक्त पदाधिकारियों को राष्ट्रीय स्तर और जिला स्तर पर पदभार सौंपा गया है।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक सुरेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश सरासर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत कुमार, अमरपाल गहलोत राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी दक्षिण हरियाणा और सदस्य राष्ट्रीय सलाहकार समिति, मीना बागड़ी, प्रदीप और तेज पाल जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने संविधान के प्रति निष्ठा और अपने दायित्व को ईमानदारी के साथ निभाने का शपथ लिया संगठन ने अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि हमें शिक्षा, रोजगार, और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए काम करना होगा। हमें अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा और समाज में सम्मान के साथ जीने का अवसर प्राप्त करना होगा। उन्होंने खासकर युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने समाज के प्रति अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं और संगठन को मजबूत बनाने में योगदान दें।

## निसान मैग्नाइट ने 2,00,000 यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार किया

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी - निसान मैग्नाइट की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की। निसान मैग्नाइट ने 2020 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से घरेलू एवं विदेशी बाजार में कुल 2,00,000 यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। यह भारत में निसान के सफर का उल्लेखनीय पड़ाव है और दुनियाभर के ग्राहकों के बीच मैग्नाइट की लोकप्रियता का प्रतीक है। बोल्ड डिजाइन, सेफ्टी, क्लास लीडिंग फीचर्स और एक्सेप्शनल वैल्यू के बेहतरीन कॉम्बिनेशन के साथ निसान मैग्नाइट ने बी-एसयूवी सेगमेंट को नई परिभाषा दी है। घरेलू एवं वैश्विक दोनों बाजारों में इसकी सफलता इसकी यूनिवर्सल अपील और निसान की 'वन कार, वन वर्ल्ड' की फिलॉसफी की मजबूती को दर्शाती है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | एम.सी. नांगल चौधरी में रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे का प्रसंस्करण। | बंद होने की तिथि 23.06.2025 | 666 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996613540 secy-NangalC@ulbharyana.gov.in |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35357/I/88/7 दि. 04.06.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | एम.सी. टोहाना में प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरा एम.एस.डब्ल्यू. का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों हस्तांतरण स्टेशनों प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन। | 27.05.2025 18.06.2025 | 13.61 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7888984485 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर परिषद टोहाना | एम.सी. टोहाना में रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे के प्रसंस्करण हेतु एजेंसी का चयन। | 28.05.2025 20.06.2025 | 8.63 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7888984485 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35350/I/88/7 दि. 04.06.25

## शब्द पहेली - 5888




**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह. शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी -2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

**शब्द पहेली- 5887 का हल**










# रॉयल चैंपियन का ग्रैंड सेलिब्रेशन... सड़कों पर लाल रंग का जनसैलाब



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

आईपीएल 2025 की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम का सम्मान करने लाखों दर्शक सड़क पर उतर गए। जैसे ही टीम चमचमाती ट्रॉफी के साथ बेंगलुरु एयरपोर्ट पर उतरी, फैंस अपने चहेते क्रिकेटर्स के स्वागत के लिए तैयार थे। एयरपोर्ट से लेकर टीम होटल और कर्नाटक विधानसभा के बाहर तक लाखों प्रशंसकों का भारी हुजूम लगा हुआ था। विक्ट्री परेड विधानसभा से कर्नाटक विधानसभा तक किया गया। एयरपोर्ट पर कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आरसीबी के खिलाड़ियों का स्वागत किया।

कर्नाटक सरकार ने विधानसभा में 18 साल में पहला आईपीएल खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम को सम्मानित किया। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम का विधान सभा के सामने बनी भव्य सीढ़ियों पर स्वागत किया। एक छोटे से कार्यक्रम में खिलाड़ियों को मैसुरु फेटा (पारंपरिक पगड़ी) , शॉल और पुष्पमाला पहनाई गई। इस कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी तादाद में प्रशंसक जमा थे।



## तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया...

अठारह साल के लंबे इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने का जश्न मैदान पर उमड़े आंसुओं और अपने साथी खिलाड़ियों के साथ मनाने के बाद विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'इस टीम ने यह सपना सच कर दिया। इस सत्र को मैं कभी नहीं भुला सकूंगा। हमने पिछले ढाई महीने में इस सफर का पूरा मजा लिया। यह आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिए है जिन्होंने खराब से खराब समय में भी टीम का साथ नहीं छोड़ा। यह बरसों की निराशाओं और दिल टूटने के सिलसिले के लिए है। यह टीम के लिए खेलते समय एक ही पल के योगदान के लिए है। जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है तो .. तुमने मुझे तुम्हे थामने और जश्न मनाने के लिए 18 साल तक इंतजार कराया लेकिन यह पल इंतजार के लायक था।'

## ई साला कप नामडू : रजत

जब आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने 18 साल के टीम के इंतजार के बाद कहा 'ई साला कप नामडू' (इस साल कप हमारा है) तो प्रशंसक खुशी से चीख उठे। लेकिन जब उन्होंने कहा, 'इसके सबसे ज्यादा हकदार विराट कोहली हैं ' तो शोर कई गुना बढ़ गया। पाटीदार ने कहा, 'मेरे लिए यह खास है, विराट कोहली और सभी प्रशंसकों के लिए। जिन्होंने इतने साल तक टीम का साथ दिया, वे सभी इसके हकदार हैं। मेरे लिए यह बड़ा मौका है और मैने बहुत कुछ सीखा है। इसके हकदार सबसे ज्यादा विराट कोहली हैं।'

## 18 सत्र का इंतजार खत्म



फाइनल में आरसीबी ने पंजाब को छह रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 190 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब की टीम सात विकेट पर 184 रन ही बना सकी। आरसीबी आईपीएल चैंपियन बनने वाली आठवीं टीम है।

## आईपीएल न्यूज



### अनुभवहीनता के कारण नुकसान : पोंटिंग

**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'आप आज रात टीम को महसूस कर सकते हैं कि शायद थोड़ी सी अनुभवहीनता के कारण हमें हार का सामना करना पड़ा। आज मध्यक्रम में थोड़ा सा अनुभव शायद हमारी मदद कर सकता था। मुझे पता है कि वे आगे चलकर हमारे लिए कई मैच जीतने जा रहे हैं।'

### जब तक खेलूंगा, आरसीबी के लिए ही खेलूंगा : कोहली

**बेंगलुरु।** कमेंटेटर मैथ्यू हेडन ने जब कोहली से पूछा कि वनडे विश्व कप, टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद इस खिताब को वह कहां रखते हैं, कोहली ने कहा, 'यह भी ऊपर है। मैने पिछले 18 साल में इस टीम को सब कुछ दिया। इस टीम के साथ ही रहा। मैं टीम के साथ रहा और टीम मेरे साथ। मैने हमेशा इस टीम के साथ जीतने का सपना देखा था। मेरा दिल बेंगलुरु में है और आत्मा भी। मैं जब तक आईपीएल खेलूंगा, बेंगलुरु के लिए ही खेलूंगा।'

### गेंदबाजों को जोड़ना पहला बड़ा कदम



**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि पिछले साल बड़ी नीलामी में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण हासिल करना और अनुभवी खिलाड़ियों को चुनना इस फ्रेंचाइजी के लिए अपने पहले आईपीएल खिताब के सपने को पूरा करने की ओर 'पहला बड़ा कदम' था। फ्लावर ने कहा, 'नीलामी पहला बड़ा कदम होता है जिसमें आपको अपनी रणनीति को यथासंभव सही रखना होता है। यह (टीम निदेशक) मो (बोबट) की सोच थी की रकम को थोड़ा अधिक संतुलित रूप से वितरित किया जाए। बड़े बल्लेबाजों के साथ बेहतर प्रतिभाओं को भी जोड़ा जाए। बड़े बल्लेबाज बेशक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। हमने नीलामी से पहले एक अच्छी गेंदबाजी आक्रमण की अहमियत को स्वीकार किया गया था और हमने उसी दिशा में काम किया।''

## टेस्ट क्रिकेट अभी भी टी20 से पांच पायदान ऊपर

**अहमदाबाद।** खिताब जीतने के बाद विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपना प्यार एक बार फिर जाहिर किया। उन्होंने आरसीबी के खिताब जीतने के बाद मैथ्यू हेडन से कहा, 'मेरे कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ पलों में से यह एक है। लेकिन फिर भी यह टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे है। मेरी नजर में टेस्ट क्रिकेट की इतनी इज्जत है। मैं युवाओं से इतना ही आग्रह करुंगा कि टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करें। अगर आप टेस्ट क्रिकेट में अच्छा खेलोगो तो दुनिया में कहीं भी जाओगे तो लोग तुम्हारा सम्मान करेंगे। अगर दुनिया में क्रिकेट में सम्मान पाना है तो टेस्ट क्रिकेट खेलो और अपना सब कुछ उसे दे दो।'

## मुसेटी का सेमीफाइनल में अल्काराज से होगा सामना

एजेंसी ▶▶| पेरिस

लोरेंजो मुसेटी ने अपने बैकहैंड का शानदार इस्तेमाल करते हुए फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में फ्रांसिस टियाफो को 6-2, 4-6, 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह पक्की की।

इटली के 23 साल के इस खिलाड़ी ने पिछले साल इसी स्टेडियम में ओलंपिक का कांस्य पदक जीता था। फाइनल में जगह पक्की करने के लिए मुसेटी सामने अब गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज की चुनौती होगी। अल्काराज को 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 6-0 6-1 6-4 से हराने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। महिलाओं के मुकाबलों में तीन बार की गत



विजेता इगा स्वियातेक और आर्यना सबालेंका दोनों ने सीधे सेटों में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। इन दोनों के बीच होने वाले अंतिम चार का मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा।

## थाईलैंड के खिलाफ भारत करेगा आगाज

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद गत चैंपियन जापान और सिंगापुर से खेलना है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं। टूर्नामेंट चीन के हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक खेला जाएगा। इसके विजेता को 2026 विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत को छह सितंबर को जापान से खेलना है जबकि आठ सितंबर को सिंगापुर से मुकाबला होगा।

## इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# करुणाकरण-वरियाथ से भारत की उम्मीदें कायम

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर में के बाद बाहर हो गईं।

करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट तक चले शुरुआती दौर के कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को 15-21, 21-16, 21-17 से हराया। इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची




शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से 14-21, 9-21 से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों 15-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ 11-21, 21-16, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## क्रिकेट

# इंग्लैंड ने वनडे में वेस्टइंडीज का 3-0 से किया सूपड़ा साफ




एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के बारिश से प्रभावित आखिरी एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को सात विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने इसके साथ ही इस श्रृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। दोनों टीमें अब शुक्रवार से तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में भिंडेंगी।

स्मिथ ने 28 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और तीन छक्के की मदद से 64 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए बेन डकेट (58) के साथ 93 रन की साझेदारी की जिससे इंग्लैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में जीत के लिए मिले 246 रन के लक्ष्य को 62 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैच में दो बार देरी हुई। वेस्टइंडीज की टीम बस ट्रैफिक लाइट की खराबी के कारण काफी देर तक फंसी रही। टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंची। इसके बाद बारिश के कारण 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। वेस्टइंडीज की टीम ने यहां गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद मैच में बारिश ने खलल डाला।

मैच दोबारा शुरू हुआ तो वेस्टइंडीज ने 154 रन तक सात विकेट गंवा दिए। टीम हालांकि नौ विकेट पर 251 रन बनाने में सफल रही।

### एटकिंसन का पहले टेस्ट में खेलना मुश्किल

लंदन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन का हैमस्ट्रिंग चोट के कारण भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। भारत और इंग्लैंड जून से पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, 'गेंदबाज गस एटकिंसन का भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है क्योंकि उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है।'27 वर्ष के एटकिंसन को जिम्बाब्वे में पिछले महीने टेस्ट के दौरान चोट लगी थी जिससे वह वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल सके थे। अगर एटकिंसन फिट नहीं होते हैं तो यह इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका होगा क्योंकि मार्क वुड और ओली स्टोन पहले से चोटिल हैं।

## गुकेश नॉर्वे चेस में नाकामुरा से हारे एरिगैसी की खिताबी दौड़ में वापसी

एजेंसी ▶▶| स्टवांगेर

अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारु नाकामुरा ने विश्व चैंपियन डी गुकेश की क्लासिकल प्रारूप में लगातार जीत के सिलसिले को तोड़ते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए, जबकि अर्जुन एरिगैसी ने नॉर्वे शतरंज में फैबियानो कारुआना को हराकर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी की।

शुरुआती मुकाबलों में पिछड़ने के बाद गुकेश ने इस प्रतियोगिता में लय हासिल कर शानदार वापसी की थी। भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी ने आठवें दौर के अहम मुकाबले में सफेद मोहरों से खेल रहे नॉर्वे शतरंज के पूर्व चैंपियन कारुआना को 'टाइम' प्रारूप में हराकर शानदार जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में




अब दो और दो बचे हुए हैं और गुकेश 11.5 अंकों के साथ नाकामुरा के साथ तीसरे स्थान पर हैं। एरिगैसी से हारने के बाद भी कारुआना (12.5 अंक) तालिका में शीर्ष पर है। आर्मागेडन टाई-ब्रेक में चीन के वेई यी से हारने वाले कार्लसन 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि एरिगैसी 10.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

## चाइनामैन कुलदीप ने वंशिका से की सगाई...

**नई दिल्ली।** क्रिकेट जगत में चाइनामैन के नाम से प्रसिद्ध कुलदीप यादव ने अपनी बचपन की दोस्त से सगाई कर ली। लखनऊ में बुधवार को आयोजित एक समारोह में कुलदीप की सगाई की रस्म हुई। समारोह में यूपी के कई स्टार क्रिकेटर और परिवार के लोग शामिल हुए। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलने वाले स्टार स्पिनर ने चुपके से सगाई कर ली। सगाई कार्यक्रम प्राइवेट रखा गया। लखनऊ में हुए समारोह में भारतीय टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव और वंशिका की सगाई की रस्म हुई। बता दें कि वंशिका कानपुर के श्याम नगर की रहने वाली हैं और वह एलआईसी में कार्यरत हैं। वंशिका और कुलदीप यादव बचपन के दोस्त हैं। धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई और अब दोनों ने सगाई कर ली। कुलदीप की सगाई समारोह में रिंकू सिंह सहित कई क्रिकेटर पहुंचे।



## आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचने वाले तीसरे कप्तान

# भारतीय क्रिकेट के नए 'कैप्टन कूल' के तौर पर उभरे अय्यर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोलकाता नाइट राइडर्स के 10 साल के खिताबी सूखे को पिछले बरस खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गए। लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में आवश्यकता हो सकती है। महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचने वाले तीसरे कप्तान बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद ही खास है क्योंकि उन्होंने पिछले पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए काफी बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है।



### पंजाब को हुआ फायदा

केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस (टीम में बनाए रखने की रकम) की उनकी मांग उचित नहीं लगी। केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को 30 वर्षीय खिलाड़ी के रूप में एक समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला। ऐसा कप्तान जो करियर के उतार-चढ़ाव को शालीनता से संभालना जानता हो।

### धोनी जैसा संयम रवैया

तीन जून 2025 के बाद श्रेयस अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए। अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह एक 'बिंदास मुंबईकर' के मिश्रण का पुट दिखा।

आईपीएल के फाइनल में मंगलवार को आरसीबी के खिलाफ छह रन की हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, 'अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है।'

### हम लड़ाई हारे हैं, युद्ध नहीं

पंजाब किंग्स जब पहले क्वालीफायर में आरसीबी से हार गया था तो उन्होंने कहा था, 'हम लड़ाई हारे हैं, युद्ध नहीं।'' 'उनका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और उन्होंने क्वालीफायर दो में मुंबई इंडियंस के खिलाफ नाबाद 87 रन की पारी खेल कर इसे सही भी साबित किया। उस क्षण से ही यह स्पष्ट हो गया था कि भारतीय क्रिकेट में एक ऐसे कप्तान की शुरुआत हो रही है, जो सामान्य चीजों को समझने और बड़ी तस्वीर को देखने की क्षमता रखता है। श्रेयस अय्यर वास्तव में एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं।




आईएमएफ के बाद अब... एडीबी से पाकिस्तान को मिला 800 मिलियन डॉलर का वित्तीय पैकेज

# एडीबी के समक्ष कड़े विरोध संग बोला भारत, अभी पाक को नहीं दी जानी चाहिए यह सहायता, आतंकी साजिशों पर करेगा खर्च

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत के विरोध के बावजूद एशियाई विकास बैंक यानी एडीबी ने पाकिस्तान को कुल करीब 800 मिलियन डॉलर का बेलआउट पैकेज दे दिया है। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संगठन ने पाकिस्तान की इस तरह की बड़ी धनराशि वाले लोन के साथ मदद की है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी पाक को करीब साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए का बेलआउट पैकेज दिया था। एडीबी द्वारा दी गई उक्त धनराशि को लेकर पाकिस्तान के वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने कहा कि यह पैकेज दो भागों में विभाजित है।

जिसमें से एक भाग 300 मिलियन डॉलर का पॉलिसी आधारित लोन है और दूसरा 500 मिलियन डॉलर पाकिस्तान में कार्य योजना को पूरा करने के लिए दिया गया है। यहां बता दें कि पूर्व में भी भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान को दिए जाने वाले वित्तीय पैकेज को लेकर वैश्विक संगठन को साफ शब्दों में एक जरूरी प्रश्न उठाते हुए कहा था कि भारत भी आईएमएफ को फंडिंग करता है। ऐसे में उसके द्वारा दी जा रही धनराशि का आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल नहीं होना चाहिए?



एक भाग 300 मिलियन डॉलर का पॉलिसी आधारित लोन है और दूसरा 500 मिलियन डॉलर पाकिस्तान में कार्य योजना के लिए

### भारत के विरोध से जुड़ा तर्क

*सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने इस पूरे मामले में एडीबी के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि इस वक्त पाकिस्तान को ये बेलआउट पैकेज नहीं दिया जाना चाहिए। क्योंकि इसका इस्तेमाल वह आतंकवादियों को पोषित करने, इस तरह की साजिशों को बढ़ावा देने और अपने देश का सैन्य खर्च बढ़ाने के लिए कर सकता है। इसके अलावा अगर पाक को एडीबी से मदद दी जाती है। तो कड़ी शर्तों के साथ उसके नीतिगत क्रियान्वयन की निगरानी भी की जानी चाहिए। भारत ने बैंक को उसके संसाधनों के दुरुपयोग को लेकर आगाह किया और कहा कि पाक का रक्षा खर्च बढ़ रहा है। लेकिन उसके घटते कर जीडीपी अनुपात और जरूरी आर्थिक सुधारों पर स्पष्ट प्रगति की कमी पर ध्यान दिया जाना चाहिए। एडीबी और आईएमएफ से कई बार लोन लेने के बावजूद पाकिस्तान अपने देश में आर्थिक सुधारों को लागू करने में नाकाम साबित हुआ है। मौजूदा लोन को लेकर हम उम्मीद करते हैं एडीबी पाकिस्तानी क्रियान्वयन की निगरानी करेगा। सूत्रों ने आंकड़ों से समझाया कि 2018 में पाकिस्तान का कर संग्रह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 13 फीसदी से घटकर 2023 में 9.2 फीसदी रह गया है। जो कि एशिया और प्रशांत क्षेत्र के औसत (19 फीसदी) से काफी कम बना हुआ है। ये पाकिस्तान के गंभीर वित्तीय कुप्रबंधन को साफ तौर पर उजागर करता है।*

### बैंक के लिए पैदा होगा ऋण जोखिम

*भारत ने एडीबी को ये भी बताया कि पाकिस्तान की खस्ता आर्थिक हालत एडीबी के लिए ऋण जोखिम की स्थिति उत्पन्न कर सकती है। इसमें खासतौर पर पाक के उच्च ऋण से जीडीपी अनुपात व खराब क्रेडिट रेटिंग की वजह से पाक की बाहरी ऋण पर लगातार निर्भरता भावी जोखिमों की दीर्घकालिक स्थिरता के बारे में चिंताएं पैदा करती है। बैंक का इस तरह से पाक को वित्तीय मदद देना न केवल एडीबी की नीतियों से मेल खाता है। बल्कि इससे क्षेत्रीय स्थिरता पर भी संकट उत्पन्न होता है।*

भारतीय मुसलमानों की छवि खराब करने पर पत्रकार फथी ने भरी प्रेस वार्ता में दिखाया आईना

# अमेरिका में पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की घोर बेइज्जती...

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर की कड़ी कार्रवाई के बाद आतंकवाद के मामले पर पूरी दुनिया के सामने बुरी तरह से एक्सपोज हो चुके पाकिस्तान के नेता भारत के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी से जुड़ा हुआ है। जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित की गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस (पीसी) में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में मुसलमानों के हालात खराब होने का एक झूठा और बेबुनियाद आरोप लगाया। लेकिन इससे पहले की वो कुछ और कहते, वहां मौजूद एक वरिष्ठ अमेरिकी पत्रकार अहमद फथी ने भुट्टो की तथ्यों के साथ बोलती बंद कर दी। उधर, इन सबके बीच कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में भारत का एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अपनी विदेश यात्रा के तहत एक बार फिर से अमेरिका पहुंच गया है।

उनका प्रवास संभवतः दो दिवसीय है। जिसमें प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी प्रशासन, कांग्रेस के सदस्यों, थिंक टैंक और मीडिया से बातचीत करेगा और उनके सामने आतंकवाद पर भारत की नई सोच के साथ सामने आई जीरो टॉलरेंस की नीति से जुड़े हुए देश के पक्ष को मजबूती के साथ रखेगा।

### भारत में मुस्लिम अधिकारी ने की पीसी: फथी

*दरअसल पीसी में पाक के पूर्व विदेश मंत्री ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत में मुसलमानों के हालात ठीक नहीं हैं। उन्हें हमले के बाद से वहां (भारत) पर आतंकी के रूप में देखा जा रहा है। जिससे लगता है कि आतंकी हमले का इस्तेमाल भारतीय मुसलमानों को बदनाम करने के लिए एक राजनीतिक षड़यंत्र के रूप में किया जा रहा है। बिलावल ने कहा कि भारत शांति के मार्ग पर नहीं चल रहा है। बल्कि वहां के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का हमशक्ल (कॉपी) बनने की कोशिश कर रहे हैं। जिससे ये लगता है कि भारत, इजरायल से प्रेरणा ले रहा है। वैश्विक मंच पर कश्मीर के मुद्दे को उठाने को लेकर भी रोड़े अटकाए जा रहे हैं। इस पर वरिष्ठ अमेरिकी पत्रकार अहमद फथी ने कहा, सर, मैंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान में हुई सभी प्रेस कॉन्फ्रेंस को खुद व्यक्तिगत रूप से देखा है। भारत की प्रेस कॉन्फ्रेंस का नेतृत्व का एक मुस्लिम सैन्य अधिकारी ने किया था। इस पर बिलावल के होश उड़ गए और वो कुछ नहीं बोल पाए। सिर्फ सिर हिलाने लगे। लेकिन फथी यहीं नहीं रुके, उन्होंने ये भी कहा कि कर्नल कुरैशी ने न केवल नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस का नेतृत्व किया। बल्कि वह भारत के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरीं। अमेरिकी पत्रकार कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में ये टिप्पणी कर रहे थे। जिन्होंने 7 मई को भारत की सैन्य कार्रवाई और उसके बाद नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित किया था। बताते चलें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने दो महिला अधिकारियों को पीसी के लिए चुना था।*

### पाक रक्षा मंत्री भी करा चुके अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती

ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक मंचों पर अपनी बेइज्जती कराने वाले बिलावल भुट्टो पाकिस्तान के पहले राजनेता नहीं हैं। उनसे पहले ये कारनामा पाकिस्तान के मौजूदा रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ कर चुके हैं। भारत के सैन्य अभियान के तुरंत बाद अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन को साक्षात्कार देते वक्त जब न्यूज एंकर बेकी एंडरसन ने आसिफ से पूछा कि आपके पास ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की गई कार्रवाई में भारत के लड़ाकू विमानों को मार गिराने का क्या प्रमाण है? तो जवाब में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा कि सब कुछ हमारे नहीं, भारतीय सोशल मीडिया पर मौजूद है। इन विमानों का मलबा कश्मीर में गिरा है। भारतीय मीडिया में यह जानकारी दी जा रही है। इस पर नाराजगी के साथ एंकर ने कहा कि हमने आपको सोशल मीडिया कंटेंट पर बातचीत करने के लिए नहीं बुलाया है।



L&K | SAATCHI & SAATCHI

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109